CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन : कांग्रेस पेज 2



स्मृति मंधाना 4,000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं खेल टाइम्स



रोजगार के लिए गारंटी मिशन सम्पादकीय



भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: आसिम मुनीर पेज 12



जम्मू-कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू के बाहरी इलाके नागरोटा स्थित एनसीसी शिविर में पूर्ण पोशाक पूर्वाभ्यास में भाग लेते हुए।

# मनरेगा का खत्म होना सबकी नैतिक नाकामी: सोनिया गांधी


शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा: देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा**

**मनरेगा पर बुलडोजर शीर्षक से छपा सोनिया गांधी का लेख पढ़ें: राहुल-प्रियंका गांधी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और दूसरे कानूनों में बदलावों के जरिये वह जनता के अधिकारों पर आधारित कानूनी ढांचे को खत्म कर रही है।

श्रीमती गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक में सोमवार को अपने लेख में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा का कमजोर होना 'सबकी नैतिक नाकामी' है। इससे देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक कल्याण की पहल नहीं थी, बल्कि यह अधिकारों पर आधारित कार्यक्रम था, जो गांव के परिवारों को रोजी-रोटी की सुरक्षा और सम्मान देता था। मनरेगा ने महात्मा गांधी के सभी के कल्याण के सपने को पूरा किया और काम करने



का संवैधानिक अधिकार दिया था। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने सभी से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है कि हम एकजुट हों और उन अधिकारों की रक्षा करें, -शेष पृष्ठ दो पर

## संसदीय समिति वीबी-जी राम जी से मनरेगा पर प्रभाव की करेगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने मनरेगा और वीबी - जी राम जी अधिनियम की समीक्षा करने के लिए 29 दिसम्बर की प्रस्तावित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

इस बैठक में वीबी - जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी और पुरानी एवं नई योजना की तुलना की जाएगी। यह बैठक वीबी-जी राम जी विधेयक को संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मंजूरी देने के पश्चात हो रही है। इस नए कानून का मकसद ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी के लिए एक नया ढांचा देना है। इसे दो मुख्य आधारों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है। पहला यह कि यह प्रभावी रूप से महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की जगह लेता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में एक फीट तक बर्फबारी, मुगल रोड बंद

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में 40 दिन के चिल्लई कलां की शुरुआत रविवार से हो गई। पहले ही दिन गुलमर्ग-सोनमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे बर्फबारी जारी रह सकती है। कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए हैं। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं।
जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंच रही हैं। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मध्य प्रदेश के 16, यूपी के 40, राजस्थान के 10, बिहार के 24, हरियाणा के 12 और उत्तराखंड के 6 जिले कोहरे की चपेट में हैं। यूपी और झारखंड में सर्दी के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इंजन में खराबी के कारण दिल्ली लौटा एआई का विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का दिल्ली से मुंबई जा रहा एक विमान सोमवार सुबह इंजन में खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 887 दिल्ली से मुंबई जा रही थी। रास्ते में तकनीकी समस्या के कारण चालक दल के सदस्यों ने विमान को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया। विमान की दिल्ली में सकुशल लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। उन्हें पूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विमान की जांच की जा रही है।

### आज श्रीलंका जाएंगे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व संग करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका का दौरा करेंगे और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है और यह भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति को प्रदर्शित करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया उत्तराखंड में वन भूमि अतिक्रमण पर स्वत: संज्ञान

## शीर्ष अदालत ने वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वन विभाग को दिया निर्देश, जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं, खाली जमीन को अपने कब्जे में लें**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर बड़े पैमाने पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जे के आरोपों को लेकर सोमवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की।

पहाड़ी जिलों में संरक्षित वन भूमि पर अनधिकृत कब्जे से जुड़ा यह मामला अदालत की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगा दी। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिया कि जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं हैं, वहां की सारी खाली वन भूमि अपने कब्जे में ली जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की कथित निष्क्रियता पर चिंता जताई और कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें यह देखकर हैरानी हो रही है कि उत्तराखंड राज्य और उसके अधिकारी आंखों के सामने वन भूमि पर कब्जा होते देख भी मूक दर्शक बने हुए हैं। इसलिए हम इस मामले में स्वत: संज्ञान ले रहे हैं। न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्य -शेष पृष्ठ दो पर



## माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक, बची रहेगी विधायकी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे की 1995 के धोखाधड़ी मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीमित समय के लिए दोषसिद्धि पर रोक लगाने के आदेश से श्री कोकाटे फिलहाल विधानसभा की अयोग्यता से बच जाएंगे, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। भारत के मुख्य



न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने श्री कोकाटे की ओर से बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उनकी सजा तो निलंबित कर दी थी, लेकिन दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था।

# सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नोटिस जारी

## नेशनल हेराल्ड मामला

**दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसम्बर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है। विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्टूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# धुंध की मोटी चादर में लिपटी दिल्ली

**दृश्यता कम होने के चलते लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सोमवार सुबह ज़हरीली धुंध की मोटी चादर में लिपटी रही और कम दृश्यता होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सीपीसीबी के डेटा के अनुसार सुबह 6.05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 366 था, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए 24 घंटे के औसत 377 से थोड़ा बेहतर था। सीपीसीबी के अनुसार एक्यूआई 101 और 200 के बीच मध्यम स्तर का होता है। इसके बाद 201 और 300 के बीच खराब और 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' होता है। वहीं, 400 से ऊपर का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में आता है।बहुत खराब हवा में लंबे समय तक रहने से सांस की समस्या हो सकती है। यह उन लोगों के लिए खतरनाक है, जिन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं है। दिल्ली में रविवार को दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही थीं और पिछले 24 घंटों में हवा की गति 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई थी, जिससे हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ।

# मां-बेटी से गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात गाजियाबाद निवासी कार सवार परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सभी परिजनों से लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों की सजा का ऐलान हो गया।

विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ओपी वर्मा ने सभी दोषियों को उम्रकैद और 1.81 लाख रुपये प्रत्येक को अर्थदंड सुनाया। अर्थदंड की राशि का आधा हिस्सा पीड़ित बेटी और उसकी मां को



**प्रत्येक को 1.81 लाख रुपये अर्थदंड भी सुनाया, एक दोषी की हो चुकी है मौत, दो एनकाउंटर में हुए ढेर**

दिया जाएगा। मामले में पीड़ित परिवार ने दरिंदों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। सजा सुनाते हुए एडीजीसी वरुण कौशिक ने कहा कि ऐसे राक्षसों को सभ्य समाज से दूर रखा जाए। वहीं सजा सुनने के बाद आरोपियों ने कहा कि हम बेकसूर हैं, निर्दोषों को सजा सुनाई गई है। इस प्रकरण में छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। जिनमें से एक आरोपी की पूर्व में ही जिला कारागार में बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। जबकि, दो आरोपियों को अलग-अलग मामलों में नोएडा व हरियाणा पुलिस एनकाउंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# उप्र विधानसभा में 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बजट का आकार मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का लगभग 3.03 प्रतिशत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट पेश करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 का मूल बजट आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये का था, जिसके सापेक्ष अनुपूरक बजट का आकार 3.03 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा के तहत 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजी लेखा के तहत 6,127.68 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है। श्री खन्ना ने कहा कि इस बजट में औद्योगिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, मेडिकल शिक्षा तथा गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 4,521 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़ रुपये, महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ रुपये, नेडा के लिए 500 करोड़ रुपये और मेडिकल शिक्षा के लिए 423 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मोदी-लक्सन की टेलीफोन वार्ता के बाद हुई घोषणा**

**भारतीय माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा**

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक बाजार में भारतीय इकाइयों के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के बीच सोमवार को न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सम्पन्न होने की घोषणा की, जो इस साल ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए व्यापक आर्थिक सहयोग के समझौतों के बाद भारत का तीसरा समझौता है।

इसके तहत न्यूज़ीलैंड अपने यहां आयात की जाने वाली सभी तरह की वस्तुओं (अपनी शत-प्रतिशत प्रशुल्क सूचियों) पर शुल्क समाप्त करेगा। इससे वहां भारत से जाने वाले सभी प्रकार के माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिल गया है। इस कदम से वहां के बाजार भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता सेवाओं के क्षेत्र में न्यूज़ीलैंड का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्ताव है, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत-न्यूजीलैंड एफटीए की संयुक्त रूप से घोषणा की गई। दोनों प्रधानमंत्रियों की इसी वर्ष मार्च में हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की थी। दोनों नेताओं ने कहा कि नौ महीने के रिकॉर्ड कम समय में समझौता वार्ता का पूरा होना साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा है कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच संबंधों का और विस्तार होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इससे व्यापार में वृद्धि के साथ एक दूसरे के यहां निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते की व्यवस्थाओं से दोनों देशों में नवाचार में लगे लोगों, उद्यमियों, किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों , छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए मौके भी पैदा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में मासूम को सोते से दबोच ले गया भेड़िया

**बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़ियों को आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिले के फखरपुर ब्लॉक स्थित रसूलपुर बरेटा गांव में भेड़िया एक तीन साल के मासूम बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग गया। काफी तलाश के बाद बच्चे का क्षत विक्षत शव मिला। गांव के निवासी राम मनो. हर, जो पंजाब में मजदूरी करते हैं, की पत्नी ननकई अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। सोमवार की सुबह ननकई बरामदे में अपने तीन साल के बेटे अंशु को दूध पिलाने के बाद चारपाई में बच्चे को सुला कर अन्य काम में लग गई। इस बीवएक भेड़िया ने हमला कर दिया और मासूम को जबड़े में दबाकर भाग निकला। मां ननकई चीख-पुकार करते हुए भेड़िए के पीछे दौड़ी और करीब सौ मीटर तक उसका पीछा किया, लेकिन घने कोहरे के कारण भेड़िया गायब हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग को घटना की जानकारी दी।

### धर्मांतरण के आरोप में ईसाई मिशनरी के चार लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में कथित रूप से प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले ईसाई मिशनरी के एक महिला समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज. श द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के एक कॉलोनी में रविवार को धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां एक बड़े कमरे में सभा चल रही थी। सभा स्थल पर ईसाई धर्म का प्रतीक चिन्ह भी लगा हुआ था और वहां दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं, जिनमें इसाई के अलावा हिंदू महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

# डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन:कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि पटना में एक डॉक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत। हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्कत बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं। बेटी बचाओ, बेटी



■ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींच रहे

पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, ये सवाल बहुत गंभीर हो गया है। टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी। अब कहा जा रहा है साब उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है। नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री है और उन्होंने डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब कैमरे के सामने खींचने की बार बार कोशिश की है। इस दृश्य को देखकर कितने मां बाप हिम्मत दिखाएंगे कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए भेजें। कांग्रेस नेता ने कहा कि पढ़ लिखकर, मेहनत करके गरीबी से निकल. कर डाक्टर बनी नुसरत परवीन में सोचा था कि अच्छी नौकरी करेगी, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री ही इस तरह की हरकत करते हैं। इस हरकत के बाद कोई हिम्मत दिखाएगा कि वह अपनी बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। यहां सवाल हिजाब का नहीं, डाक्टर नुसरत परवीन का नहीं, बात मुसलमान की भी नहीं है, बात पल्लू की नहीं और घूंघट की भी नहीं है, सिखों की पगड़ी, धोती और लूंगी की भी नहीं है, बात है आपकी और मेरी मर्जी की, बात है मेरी और आपके सम्मान की, बात ये है कि अगर बच्ची पढ़ के बाहर निकलेगी, सार्वजनिक स्थान पर जाएगी तो फिर उसके लिए माहौल और वातावरण कितना सुरक्षित है, वह कितना महफूज महसूस करती है, इस आजादी को हम खत्म करते जा रहे हैं।

### हमारी सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी 70 के दशक में कर दी थी शुरूः जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार की गारंटी की वह शुरू से ही समर्थक रही है और यही वजह है कि उसके नेतृत्व वाली सरकार ने 1970 में महाराष्ट्र में ग्रामीणों को सूखे के संकट से उबारने के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू कर दी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि 1970 के दशक में भीषण सूखे के बाद, महाराष्ट्र में वीपी नाइक के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण संकट से निपटने के लिए अग्रणी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत भर थी, इसके बाद 1980 के दशक के आरंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो नई योजनाओं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एनआरईपी) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम शुरू कर दी थी।

# विधान परिषद में सपा सदस्यों ने उठाया पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को राज्य विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह ने सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया गया है।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई पेंशन प्रणाली को राज्य के राजकोषीय संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ न केवल सरकारी कर्मचारियों, बल्कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों तथा सामान्य जन के लिए बेहतर, राष्ट्रव्यापी वृद्धावस्था सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। मंत्री ने यह भी कहा कि एनपीएस दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे भविष्य में पेंशन दायित्वों का प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सके। इस पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है और कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का भरोसा देती है।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली जरूरीः डीजीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि अब आपदा प्रबंधन केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए पूर्वानुमान आधारित, योजनाबद्ध और प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग अपनी-अपनी तैयारियां करते हैं, लेकिन आपात स्थिति में इन सभी को एकीकृत, समन्वित और समयबद्ध प्रतिक्रिया में बदलना सबसे अहम है। सोमवार को आगामी माघ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) द्वारा प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं टेबल-टॉप एक्सरसाइज का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सहभागिता की। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन योगेन्द्र डिमरी, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के संबोधन से हुआ। इस अवसर पर माघ मेला के दौरान भीड़ के प्रभावी व्यवस्थापन, डूबने की घटनाओं की रोकथाम, शीत लहर तथा अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कृष्ण ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि कुंभ और माघ मेला विश्व के सबसे बड़े पब्लिक गैदरिग इवेंट में शामिल हैं।

### सपा विधायक अतुल प्रधान के सवाल पर सीएम का तीखा जवाब

# समय आने दीजिए जरूर चलेगा बुलडोजर:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था।



■ विधानसभा में कहा: पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है, जांच होने दीजिए

■ वंदेमातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक

वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है। योगी ने कहा कि एसटीएफ प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के भीतर कोडीन कफ सिरप का उत्पादन नहीं होता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कोडीन कफ सिरप का उत्पादन मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में होता है। जिन मौतों के मामले सामने आए हैं, वे अन्य राज्यों से संबंधित हैं, न कि उत्तर प्रदेश से। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगी और नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार कफ सिरप मामले के आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। इससे पहले सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि कोडीन माफिया को सरकार बचा रही है। सरकार का पूरा संरक्षण कोडीन माफिया के साथ है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कह चुके हैं कि इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि सरकार कोडीन माफिया के साथ है। विधानसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदेमात. रम स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक है।

### विधानसभा में कफ सिरप मामले को लेकर सपा का हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसंभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा विधायक अतुल प्रधान हाथों में पोस्टर और होर्डिंग लेकर विधानसभा पहुंचे। हंगामे को विधानसभा अध्यक्ष ने शांत कराया, जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हो गई। अतुल प्रधान के एक पोस्टर में कफ सिरप की तस्वीर के साथ सिपाही आलोक सिंह के घर की फोटो लगी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित मामले में बुलडोजर कार्रवाई कब की जाएगी। वहीं एक अन्य पोस्टर में लैंड क्रूजर वाहन की तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने पूछा कि कथित तौर पर माफिया से जुड़ी इस गाड़ी को कब जब्त किया जाएगा। इस पोस्टर के जरिए उन्होंने धनंजय सिंह पर निशाना साधा। अतुल प्रधान अपने साथ सीटियां भी लेकर आए और लगातार सीटियां बजाईं।



सेंसेक्स 85567.48

निफ्टी 26172.40



सोना रु. 132394

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200336

प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और प्रमुख सूचक. ांक ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75 प्रतिशत) की बढ़त में 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 206 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 26,172.40 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 5 दिसम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100



सूचकांक 1.17 प्रतिशत मजबूत हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। आईटी और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही। रसायन, ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में भी अच्छी मजबूती देखी गई। एनएसई में कुल 3,283 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,252 के शेयर हरे निशान में और 923 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेसेक्स में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 3.56 फीसदी और इंफोसिस का 3.06 फीसदी चढ़ा। भारती एयरटेल में 2.43 फीसदी, टेक महिंद्रा में 2.09, प्रतिशत से अधिक तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.67 प्रतिशत, बीईएल में 1.57, सनफार्मा में 1.50, मारुति सुजुकी में 1.32, टीसीएस में 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.05 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.60 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो के शेयर लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.81 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 69 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.04 फीसदी ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.42 फीसदी की गिरावट रही।

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा: उद्योग जगत

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने न्यूजीलैंड के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक व्यापार में भारत की पैठ बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फिक्की भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करता है। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश प्रवाह और परस्पर सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों देशों के लिए व्यवसाय के नए अवसर बनेंगे। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत 2047 के भारत के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय निर्यात के लिए शत-प्रतिशत शून्य-शुल्क पर पहुंच उपलब्ध होगी। इससे छात्रों, पेशेवरों, छोटे तथा मझौले उद्यमों और श्रम-प्रधान सेक्टरों को मदद मिलेगी। निवेश, नियामक सहयोग और शुल्क-मुक्त निर्यात से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ भारतीय उद्योग के सभी सेक्टर जुड़ सकेंगे।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में गिरावट रही। चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 113 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 14 रुपये टूटकर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर आ गई। आटे की कीमत 13 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की कीमत औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 156 रुपये और चना दाल 148 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 122 रुपये और उड़द दाल 94 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का मार्च वायदा 82 रिंगिट चढ़कर 3,987 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 71 रुपये और पाम ऑयल 56 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति का भाव 142 रुपये और मूंगफली तेल का 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7856.18 रुपये, मसूर काली 8161. 56 रुपये, मूंग दाल 10095.27 रुपये, उड़द दाल 10374.80 रुपये, तुअर दाल 10601.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.18 रुपये और चावल 3852.72 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड: चीनी एस 4312.81 रुपये और गुड़ 4975.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17616.64 रुपये, मूंगफली तेल 17862.47 रुपये, सूरजमुखी तेल 15772.78 रुपये, सोया तेल 13792. 47 रुपये, पाम ऑयल 12448.27 रुपये और वनस्पति 14468.87 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मनरेगा का..** . जो हम सभी की रक्षा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कई बुनियादी अधिकारों को एक-एक कर खत्म कर रही है। खेती कानूनों में सुधार का जिक्र करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कृषि से संबंधित तीन काले कानूनों के जरिये सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की थी। उन्होंने आगाह किया कि सरकार भविष्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को खत्म कर सकती है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि मनरेगा को खत्म कर उसने देश के लोकतंत्र और मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। श्रीमती वाड्रा और श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को अपनी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में छपे लेख के समर्थन में यह टिप्पणी की है, जिसमें श्रीमती गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म कर करोड़ों मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर बुलडोजर चलाया है। श्री गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा कि न जनसंवाद, न संसद में चर्चा, न राज्यों की सहमति - मोदी सरकार ने मनरेगा और लोकतंत्र दोनों पर बुलडोज़र चला दिया है। यह विकास नहीं, विनाश है-जिसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीय अपनी रोज़ी रोटी गंवा कर चुकाएंगे। श्रीमती गांधी जी का इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता हुआ लेख ज़रूर पढ़ें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मनरेगा ने महात्मा गांधी के सर्वोदय 'सभी का कल्याण' के दृष्टिकोण को साकार किया और काम करने के संवैधानिक अधिकार को लागू किया। इसका अंत हमारी सामूहिक नैतिक विफलता है, जिसके वित्तीय और मानवीय परिणाम भारत के करोड़ों मेहनतकश लोगों के लिए आने वाले वर्षों तक गंभीर रहेंगे। अब पहले से कहीं अधिक यह अनिवार्य है कि हम एकजुट होकर उन अधिकारों की रक्षा करें, जो हम सभी की रक्षा करते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने...** सचिव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को निर्देश दिया कि वे एक तथ्य-जांच समिति गठित करें, जो जमीनी हालात का आकलन कर अतिक्रमण की सीमा और राज्य प्रशासन की कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। स्थिति में कोई और बदलाव न हो, इसके लिए पीठ ने निजी पक्षों को वन भूमि पर किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोक दिया और स्पष्ट किया कि अगले आदेश तक कोई निर्माण नहीं होगा। अदालत ने दोहराया कि रिहायशी मकानों को छोड़कर सारी खाली वन भूमि वन विभाग के कब्जे में ली जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को न्यायालय के पुनः खुलने के बाद होगी। न्यायालय में 19 दिसम्बर से 5 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां हैं। उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा कई रिपोर्टों में सामने आता रहा है, खासकर संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में, जहां तेजी से शहरी विस्तार हो रहा है।

**मां-बेटी से...** ढेर कर दिया है। 28 जुलाई की रात नोएडा निवासी एक परिवार के छह सदस्य शाहजहांपुर अपने पैतृक गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के निकट अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर कुछ लोहे की वस्तु फेंक कर रुकवा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने कार सवार किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बनाया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ एक खेत में ले गए। जहां, आरोपियों ने तीनों पुरुषों के हाथ पैर बांध दिए और वादी मुकदमा की 14 वर्षीय किशोरी व पत्नी के साथ आरोपियों ने खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी वहां से लूटपाट कर भाग निकले थे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा अफसरों की ऊर्जा व नई सोच महत्वपूर्णः राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नया करने की सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग की 275 वर्षों से अधिक पुरानी समृद्ध तथा गौरवशाली विरासत है, जो इसे सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक विकसित भारत बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है इसे हासिल करने में सिविल सेवकों की



भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि ये समावेशी हों और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नई सोच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने अधिक. ारियों से आग्रह किया कि उन्हें सेवा भाव और कर्तव्य बोध को अपना मार्गदर्शक मंत्र बनाना चाहिए। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सेवा भारतीय सशस्त्र बलों और संबद्ध संगठनों के वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा सेवाओं की लेखा एवं वित्तीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सशस्त्र बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को समझना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की परिच. ालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता, सतर्कता और जवाबदे. ही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि सार्वजनिक धन करदाताओं की कड़ी मेहनत की कमाई का होता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदल रहे प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के युग में निरंतर क्षमता निर्माण के महत्व पर भी जोर दिया।

# अजय कुमार ने रेल सुरक्षा सुधारों की मांग की

■ घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया


**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अजय कुमार ने सोमवार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए देश की सभी रेलवे लाइनों पर सुरक्षा कवच लगाने तथा रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल करने की मांग की।

कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में किराया वृद्धि की हालिया घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया। उन्होंने सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए उस पर रेलवे को जनसेवा के बजाय 'वसूली का जरिया' बनाने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भारतीय रेलवे की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 2024 के चुनावों के बाद से सरकार द्वारा बार-बार किराया बढ़ाने पर प्रकाश डाला और बताया कि प्रति किलोमीटर किराया 2014 में 32 पैसे से बढ़कर आज 67 पैसे हो गया है, जो दोगुने से भी अधिक है। उन्होंने सरकार के संचार के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने आधिकारिक घोषणा के बजाय परिपत्र के माध्यम से पत्रकारों को सूचित करना चुना। कुमार ने यात्रियों के खराब अनुभवों की ओर ध्यान दिलाया और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें रेलवे के भोजन को 'मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त' बताया गया है, जबकि 2014 से भोजन की कीमतें 30 रुपये से बढ़कर 120 रुपये हो गई हैं।

# सड़क हादसे में चार की मौत

## मिट्टी से लदे डंपर में पीछे से टकराई तेज रफ्तार कार






**मुसिफुल हक**

**भागूवाला।** नांगल-चंदक मार्ग पर रविवार देर रात कोहरे की वजह से तेज रफ्तार कार मिट्टी से लदे डंपर में पीछे से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कटवाकर शवों को निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रविवार रात करीब 11:15 बजे गांव अभिपुरा के निकट कोहरे के कारण कार मिट्टी से भरे डंपर के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार गांव सराय आलम निवासी कारी इकबाल (65 वर्ष), मंडावली क्षेत्र के गांव राहतपुर निवासी अशफाक (65 वर्ष), एहतेशाम (25 वर्ष) और सलाउद्दीन (26 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी राहतपुर खुर्द गांव में एक दिवसीय जलसे में शामिल होकर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतकों के पास मिले पहचानपत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने डंपर में फंसी कार को खींचा और दरवाजे काटकर शवों को बाहर निकाला।

पुलिस के मुताबिक, कार के एयरबैग नहीं खुले थे। सिर और चेहरे में चोट लगने की वजह से चारों की जान चली गई। रोते



बिलखते परिजन रात में ही पोस्टमार्टमर्टम हाउस पहुंच गए।

### पुलिस के खेल निराले, बदल दिया मिट्टी से भरा डंपर

**नांगल सोती।** नांगल पुलिस के खेल बड़े निराले है, नांगल पुलिस ने अवैध मिट्टी से भरे डंपर को चार लोगों की मौत के तुरंत बदल दिया। इस मामले से नांगल पुलिस ने उच्चाधिकारियों को भी अंधेरे में रखा। भीषण हादसे में अवैध मिट्टी से भरे डंपर और कार की जबरदस्त भिड़त में कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई, वहीं डंपर भी क्षतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण यह डंपर स्टार्ट नहीं हो सका, जिसके बाद पुलिस ने इस मिट्टी से भरे डंपर को मौके हटवा दिया और उसके स्थान पर एक खाली डंपर खड़ा करा दिया। पुलिस की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जो वायरल हो रही है। इस मामले की जांच के लिए एसपी सिटी कृष्ण गोपाल और सीओ नितेश प्रताप सिंह जांच के लिए पहुंचे, जिसके बाद अधिकारियों ने दुर्घटना में प्रयुक्त डंपर को एक भट्टे से बरामद कर लिया और थाने लाकर खड़ा कर दिया।



एसपी अभिषेक झा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी की।

## नांगल एसओ सतेन्द्र मलिक व सिपाही अमित निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक झा ने ग्राम सैदपुरी के समीप डंपर में घुसी कार और हादसे में हुई चार लोगों की मौत के मामले में डंपर बदलने का खेल खेलने व अधिकारियों को सही जानकारी न देने पर नांगलसोती एसओ सतेन्द्र मलिक व सिपाही अमित सैनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद डंपर को थाने पहुंचाने की जिम्मेदारी सिपाही अमित सैनी को दी गई थी, लेकिन अमित सैनी ने लापरवाह बरती। जिसके चलते डंपर स्वामी ने ओवर लोड मिट्टी से भरा डंपर अपने ईट भट्टे पर छिपाकर दूसरा डंपर थाने पहुंचा दिया, जिसे देखकर लोगों को हैरानी हुई। शिकायत पर जांच एएसपी सिटी डा. केजी सिंह को सौंपी गई। जांच में एसओ व सिपाही की लापरवाही सामने आने पर एसपी अभिषेक झा ने दोनों को निलंबित कर दिया।


## एक नजर

### खेत में पड़ा मिला अज्ञात शव

**भागूवाला।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में राजगढ़ रोड पर सोमवार को सुबह जयवीर सिंह के मुर्गी फार्म के पीछे डॉक्टर अय्यूब के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिला, जिससे हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर मंडावली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### अनियंत्रित बाइक ट्रक के नीचे घुसी







**अफजलगढ़।** आज दोपहर कृष्णा सिंह पुत्र प्रीतम सिंह किसी निजी कार्य से बाइक पर सवार होकर अफजलगढ़ की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान एक खाली ट्रक वजन कराने के लिए धर्म कांटे पर जा रहा था। कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड के समीप अचानक अनियंत्रित बाइक ट्रक के सामने आ गई और बाइक सीधे ट्रक के नीचे जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक ने बाइक को सामने देख तत्काल ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्रक का अगला पहिया बाइक पर चढ़ चुका था। इस दौरान बाइक सवार कृष्णा सिंह ने गजब की फुर्ती दिखाते हुए बाइक से छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि ट्रक के नीचे दबने से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। विवेकानंद पुलिस चौकी प्रभारी एस प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच उपरांत मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों के साथ पुलिस की गोष्ठी



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित मुख्य बाजार में विवेकानंद पुलिस चौकी कासमपुर गढ़ी प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा साइबर क्राइम व महिला शक्तिकरण को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर जिसमें विशेष कर महिलाओं को घर बैठे वस्तुओं के पैकिंग की नौकरी, कभी बीमार को अस्पताल में पैसा ट्रांसफर करने आदि विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर साइबर अपराध कर रहे हैं। जिसके चलते लोग अपनी वर्षों की मेहनत से कमाई हुई जमा पूंजी से हाथ धो बैठते हैं। यदि साइबर अपराधियों के झांसे में आकर कोई व्यक्ति फंसता है, तो तत्काल 1930 पर कॉल करें। ताकि पुलिस तुरन्त अकाउंट को होल्ड करा सके। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों के झांसे में आए लोगों के अभी तक 46 प्रतिशत अकाउंट होल्ड किए गए है। गोष्ठी में पुलिस स्टाफ व ग्राम प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, इमरान, नासिर, बुजुर्ग पत्रकार शेख मौहम्मद यूसुफ आदि ने विचार रखे।

## किसान व युवा भारत की नई उम्मीद जयंत चौधरी




**मौहम्मद जैद**

**बिजनौर।** पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के सच्चे मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा को नमन करने का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसने देश के किसान को आवाज, सम्मान और आत्मविश्वास दिया। उन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया और देश की राजनीति को खेत-खलिहान से जोड़ा। किसान उनके लिए मात्र एक वर्ग नहीं था, बल्कि उनका परिवार और उनका स्वाभिमान था।

आज जब मैं एक कार्यकर्ता, एक जनप्रतिनिधि परिवार से जुड़ा व्यक्ति और एक जागरूक नागरिक होने के नाते उन्हें स्मरण करता हूं, तो मन गर्व और भावुकता से भर उठता है। ऐसे समय में जयंत चौधरी को देखना, उनके विचारों और कर्मों को महसूस करना, यह विश्वास और भी मजबूत करता है कि चौधरी चरण सिंह की आत्मा आज भी भारतीय राजनीति में जीवित है। जयंत चौधरी अपने दादा की केवल छाया नहीं हैं, बल्कि उनके सपनों का विस्तार हैं। उनकी सोच, उनकी भाषा और किसानों के प्रति उनका अपना पन यह एहसास कराता है कि यह नेतृत्व विरासत में नहीं, संस्कारों में मिला है। जब जयंत चौधरी किसानों की बात करते हैं, तो उसमें राजनीति नहीं, पीड़ा की समझ और समाधान की सच्ची इच्छा दिखाई देती है। बिजनौर जैसे कृषि प्रधान जनपद में किसानों के मुद्दों को लेकर उनकी निरंतर सक्रियता यह साबित करती है कि वह जमीन से जुड़े हुए नेता हैं, दूर से देखने वाले नहीं। एक लेखक के रूप में नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता के रूप में मैं यह कह सकता हूं कि जयंत चौधरी आज के भारत के युवाओं के लिए भी उतनी ही बड़ी उम्मीद हैं। वह युवाओं को केवल भाषणों से नहीं, बल्कि अवसरों, विश्वास और दिशा से जोड़ते हैं। गांव का युवा जब उन्हें सुनता है, तो उसे लगता है कि उसकी आवाज दिल्ली तक पहुंच सकती है।

जयंत चौधरी के शब्द दिल से निकलते हैं और दिल तक पहुंचते हैं कि **'किसान मजबूत होगा, तो देश मजबूत होगा और जब युवा साथ खड़ा होगा, तो भारत को कोई रोक नहीं सकता।'**

खास बात यह है कि चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यह लेख केवल श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि यह एक विश्वास है, एक भाव है, एक संकल्प है। जयंत चौधरी उस दीपक की तरह हैं, जिसकी लौ उनके दादा ने जलाई थी और जो आज पूरे देश को दिशा दिखा रही है। वह न सिर्फ अपने दादा की परछाई हैं, बल्कि आने वाले भारत की रोशनी भी हैं। एक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि परिवार से जुड़े व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि एक आम किसान-पुत्र और भारत के भविष्य को लेकर चिंतित नागरिक के रूप में मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि यदि चौधरी चरण सिंह आज होते, तो जयंत चौधरी के कार्यों में उन्हें अपने जीवन की साधना और सपनों की सच्ची प्रतिछाया दिखाई देती। (लेखक नहटौर के चेयरपर्सन पति व राष्ट्रीय लोकदल की पंचायत चुनाव समिति के सदस्य है)



## नजाकत ने मांगा नीतीश से इस्तीफा



**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने सार्वजनिक तौर पर महिला डॉक्टर का हिजाब खींच कर पूरे देश को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया है। उसकी इस घिनौनी हरकत की वजह से महिलाओं में गहरा रोष देखा जा रहा है। गिरी हुई और अश्लील घटिया सोच के व्यक्ति को मुख्यमंत्री जैसे बड़े पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि समाज में जहर घोलने वाले महिला विरोधी मुख्यमंत्री को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए।

## बुर्का पहन कर घूम रहे युवक की पिटाई

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुर्का पहन कर घूम रहे युवक की जमकर पिटाई की गई। इस दौरान उसकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल भी की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला काजीपाड़ा में रविवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब बुर्का पहन कर घूम रहे युवक को लोगों ने पकड़ लिया। युवक की पिटाई के बाद उसे छोड़ दिया। युवक ने काफी कोशिश के बाद भी अपना नाम और पता नहीं बताया। युवक की सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रही है। इस दौरान इलाके में तरह-तरह की अफवाहें फैल गई। बताया जाता है कि बीती रात काजीपाड़ा में अक्सा मस्जिद वाली गली के आसपास युवक बुर्का पहन कर घूमता दिखाई दिया। उसकी चाल-ढाल और व्यवहार कुछ बच्चों को संदिग्ध लगे। बच्चों ने पहले उसका पीछा किया और फिर भूत-भूत कह कर शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों के पीछे लगते ही युवक पॉपुलर डेयरी की ओर तेज कदमों से बढ़ने लगा। बच्चे शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़ पड़े। इमली वाली मस्जिद के पास मौजूद लोगों ने उसे रोककर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम बताने से इंकार किया। उसने सिर्फ इतना कहा कि वह मंडावर का रहने वाला है और बिजनौर दवा लेने आया था। इसके अलावा वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी वीडियो बनाकर छोड़ दिया। वैसे कभी उसने अपना नाम शादाब और कभी आदिल भी बताया। लेकिन उसे पुलिस को नहीं दिया गया। इस दौरान गुस्साएं कुछ युवकों ने उसे दो-चार थप्पड़ भी जड़ दिए। बाद में युवक जान बचा कर रिक्शा में बैठकर चला गया। मौहल्ले में देर रात तक चर्चा का माहौल बना रहा। घटना के बाद काजीपाड़ा और आसपास के इलाकों में अफवाहें फैल गई। कोई कह रहा था कि अपनी महबूबा से मिले आया था और कोई कह रहा था कि वह बच्चा उठाने वाले गिरोह का सदस्य था।

## आर्य समाज ने गरीबों को दिए गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आर्य समाज के पदाधिकारियों ने आश्रम में गरीबों, विकलांगों और वृद्धों को खाद्य सामग्री और ठंड से बचने के लिए जैकेटे, जरसियां, कंबल, शाल आदि गर्म कपड़े वितरण किए। आर्य समाज नगीना के तत्वावधान में समारोहपूर्वक कंबल, शॉल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। अनाथ, विकलांग एवं मंदबुद्धि लोगों के लिए उक्त आश्रम में यह सामग्री वितरित की गई। आर्य समाज नगीना के कार्यकर्ता सुबह दस बजे आश्रम में पहुंचे। सभी ने आश्रम निवासियों संग वैदिक यज्ञ किया। कार्यक्रम में श्रीमती शाकुम्भरी देवी ने भजन गाया, अनिल बंधु ने काव्य पाठ किया और श्रीमती डॉ. मीनाक्षी, राजकुमार अग्रवाल व ओम प्रकाश आर्य द्वारा सभा को संबोधित किया गया। आश्रम की ओर से श्रीमती गरिमा आर्य ने आश्रम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आश्रम की प्रबंधिका श्रीमती कमलेश आर्य ने सुशील गुप्ता को सम्मानित किया तथा सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त उपप्रधानाचार्य एवं आर्य समाज नगीना के सीनियर पदाधिकारी अनिल बंधु ने आर्य समाज के कार्यों और सेवाओं पर विस्तार से रोशनी डालते हुए बताया कि आर्य समाज हमेशा गरीबों अनाथ बच्चों को शिक्षा, कपड़ा एवं खाद्य सामग्री से मदद करता रहा है। साथ ही गरीब बच्चियों की विवाह आदि भी करते रहे हैं। क्योंकि वह भी समाज का महत्वपूर्ण अंग है और आगे भी यही कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में सुनील बंसल, राजकुमार अग्रवाल, अतुल मित्तल, सुनील शर्मा, ओम प्रकाश आर्य, आशीष अग्रवाल, योगेंद्र गुप्ता, श्रीमती क्षमा गुप्ता व कुमारी खुशी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




## समसपुर नसीब में दिखा गुलदार

**बुंदकी।** ग्राम समसपुर नसीब में बीती रात्रि सचिन पुत्र राम सिंह बाइक से अपने घर लौट रहा था। आठ बजे के लगभग उसे ग्राम के पास ही सेलर के पास सड़क पर बाइक की रोशनी में गुलदार खड़ा दिखाई दिया। वहीं बीती रात्रि सतीश निवासी समसपुर नसीब बाइक से लौट रहे थे । उनको भी श्यामपुर और हरगनपुर की रोड पर पुलिया के पास गुलदार खड़ा दिखाई दिया। उन्होंने सुबह ग्रामीणों को गुलदार होने की जानकारी दी, तो तभी से सभी परेशान है। गन्ना छीलने और अन्य काम के लिए भी जंगल जाना पड़ता है। ग्राम प्रधान अमित कुमार, प्रवीण सिंह, मुन्नू सिंह, बब्बू चौहान, सकटे सिंह, अमीनुद्दीन, हेतराम सिंह आदि ने प्रशासन से पिंजरा लगवाने की मांग की है।

## पढ़ाने की जगह फाइलों में उलझे मास्टर साहब

### गैर-शैक्षणिक कार्यों के बोझ से टूटता प्राथमिक शिक्षक

**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** कभी सभ्य समाज का महान शिल्पकार कहलाने वाला प्राइमरी शिक्षक आज व्यवस्था की चक्की में पिस रहा है। देश का भविष्य कहलाने वाले बच्चों को शिक्षा देने के लिए नियुक्त शिक्षक से अब वह सब कराया जा रहा है, जिसका पढ़ाने से दूर-दूर तक कोई भी लेना-देना नहीं है। नतीजा यह है कि कक्षाएं खाली है, शिक्षक थका हुआ है और शिक्षा व्यवस्था हांफती हुई नजर आ रही है।

शिक्षकों से 36 से ज्यादा गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं। रोज का फरमान है कि ऑनलाइन डेटा भरो, फोटो-वीडियो बनाओ, और जीपीएस लोकेशन भेजो। पढ़ाने का समय कागजों और ऐप्स में बर्बाद हो कर रह गया है। झाड़ू-पोंछा, स्कूल की सफाई, मिड-डे मील की निगरानी, रजिस्टर व रिपोर्ट सहित हर जिम्मेदारी शिक्षक पर है। सवाल सीधा है कि ऐसे में बच्चों को पढ़ाए कौन? अधिकारियों और मीडिया का दबाव, हर गतिविधि का फोटो व वीडियो सबूत के तौर पर मांगना और न जाने क्या-क्या फरमान शिक्षकों के लिए जारी हो रहे हैं। शिक्षक अब कक्षा में नहीं, कैमरे के सामने परफॉर्म कर रहा है। जिससे तनाव बढ़ा है और गुणवत्ता घटी है। हद तो तब हुई, जब शिक्षकों को कुत्ते पकड़ने और आवारा पशुओं के अभियानों में लगाया गया। यह केवल ड्यूटी नहीं, पेशे के सम्मान पर सीधा वार है। अत्यधिक बोझ ने शिक्षकों का निजी जीवन छीन लिया है। वह न तो बच्चों को ढंग से पढ़ा पा रहे हैं और न ही परिवार को समय दे पा रहे है। थकान, हताशा और मानसिक दबाव चरम पर है। कड़वी सच्चाई यह है कि प्राइमरी शिक्षकों को शिक्षक से मजदूर बना दिया गया है। आत्मसम्मान टूट रहा है और व्यक्तित्व दब रहा है। शिक्षा जैसे पवित्र कर्म से ध्यान हटाकर अपमान. जनक काम थमाए जा रहे हैं। प्रदेश के आठ से नौ लाख प्राइमरी शिक्षक इसी आग में झुलस रहे हैं। ऊपर से समाज में फैलती गलत धारणा यह है कि 'शिक्षक बिना मेहनत वेतन लेते हैं।' जबकि सच्चाई इसके उलट है।

अगर यही हाल रहा तो प्राइमरी शिक्षक बनना अभिशाप बन जाएगा। इसका सीधा असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। अब भी नहीं जागे और सुधार नहीं किया, तो शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ टूट जाएगी।

## एआरटीओ कार्यालय पर धरना



**बिजनौर।** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरटीओ कार्यालय पर धरना दिया। एआरटीओ प्रशासन के आश्वासन पर किसान शांत हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम शर्मा, कैफ मलिक प्रदेश संगठन मंत्री युवा के नेतृत्व में किसान एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। भाकियू भानू नेताओं ने कहा कि ओवरलोड वाहन सड़कों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। प्रशासन से आग्रह किया कि यातायात नियमों के पालन को लेकर आमजन और वाहन चालकों के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। एआरटीओ (प्रशासन) शिवशंकर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद भाकियू भानू ने धरना समाप्त कर दिया। धरने पर जिला मीडिया प्रभारी सचिन चौहान, ठाकुर चेतन चौहान, राजीव शर्मा, देशराज सिंह, राजेन्द्र राठी, बीरबल सिंह व प्रासू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कोटरा की टीम के जीतने पर जश्न





**अमान शम्सी**

**नगीना।** कोटरा की क्रिकेट टीम के जीतने पर जश्न मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार साहनपुर में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में नगीना के ग्राम कोटरा की टीम द्वारा शानदार जीत दर्ज करने पर टीम के खिलाड़ियों, समर्थकों व टीम मैनजमेंट ने जीत का जश्न मनाया। टूर्नामेंट में खेले गए एक मैच में कस्बा

### साहनपुर में खेला जा रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

कोटरा की टीम ने भागूवाला की टीम को 56 रन से पराजित किया। साहनपुर में खेले जा रहे जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में कस्बा कोटरा की टीम बादशाह लॉयनस ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 296 रन बनाए और भागुवाला की टीम के सामने जीत के लिए 297 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। वसीम बादशाह की कप्तानी में बादशाह लॉयन कोटरा की टीम की तरफ से नवाजिश ने धुआंधार 85 रन और अफजाल ने 47 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भागुवाला की टीम आठ विकेट के नुकसान पर केवल 240 रन ही बना सकी और उसे 56 रनों से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम के उप कप्तान इकबाल, शानू, नवाजिश, नईम, मायाराम, मुशर्रफ, शाहनवाज राणा, हिमांशु, प्रशांत, मुनींद्र ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर ग्राम कस्बा कोटरा के अग्रणी समाजसेवी इमरान अंसारी व ग्राम के अन्य जिम्मेदार लोगों सहित तमाम ग्रामीणों ने अपनी टीम के खिलाड़ियों को जीत का बधाई दी।

## एक नजर

### पंचायत में बहेगी विकास की धारा



**नहटौर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के मार्गदर्शन में विकासखण्ड नहटौर के ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, ममता सैनी एवं पंचायत सहायक, सचिवों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का संचालन करते हुए राज्य प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार के द्वारा फैमिली आईडी के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी और पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय कर, जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षक ममता सैनी द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 220 से 233 पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, एडीओ पंचायत मनोज कुमार पंचायत प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, ममता सैनी व पंचायत सहायक, सचिव आदि मौजूद रहे।

### चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नगीना।** ग्राम पखनपुर निवासी रहमान उर्फ भूरा पुत्र सुब्हान अली ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि शनिवार को 11 बजे इस्माईल की पत्नी हमारे परिवार को गाली दे रही थी। इस पर उसकी मम्मी ने उसे गाली गलौच करने से रोका, तो उनका बेटा पीड़ित की मम्मी को अश्लीलता भरी गालियां देने लगा और हाथ छोड़ दिया। उनके भाई से भी हाथापाई की। जब वह मौके पर पहुंचा, तो आरोपी अन्नु व शावेज और इनके पिता इस्माईल ने मेरे साथ मारपीट की। मुझे जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अभियुक्तों के घरों पर कुर्की के नोटिस चस्पा

**नूरपुर।** ग्राम अलीनगर पालनी में दीपावली की रात को पटाखे छोड़ने को लेकर हुए विवाद में ट्रैक्टर से टक्कर मार कर जानेलवा हमला करने के आरोप में चार लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में दो आरोपियों प्रीत व प्रशांत को जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी अंकुल व यश घटना के बाद से ही पुलिस पकड़ से दूर चल रहे हैं। न्यायालय ने दोनों आरोपियों के कुर्की के आदेश जारी कर किए हैं। रविवार को उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचकर दोनों आरोपियों के घरों पर मुनादी कराते हुए कुर्की के नोटिस चस्पां किए।

### रामानुजन की जयंती मनाई



**हल्दौर।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर किया गया। आचार्य अंकित चौधरी ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, संघर्ष और गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद रामानुजन ने अपनी प्रतिभा और अथक परिश्रम से विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया, जो आज के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का मार्ग परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से होकर गुजरता है। श्रीनिवास रामानुजन का जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा महान गणितज्ञ को नमन किया गया तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मुल्क में अमनो अमान की दुआ कराई

**कासमपुर गढ़ी।** मदरसा इस्लामिया अरबिया शमसुल उलूम में इस्लाही माशरा से मुतालिक एक जलसा मुनाकिद किया गया। जलसे का आगाज तिलावते ए कुरान से किया गया। सहसपुर से आए मेहमान खुसुसी मौलाना तसलीम ने अपने बयान में फरमाया कि मुसलमान में बिगाड़ बढ़ता जा रहा है और हम लोग दीन की तरफ से दूर होते जा रहे हैं। नफ्सा नफ्सी का आलम है कि भाई-भाई से जुदा है। हम आपस में एक-दूसरे से बोलने को तैयार नहीं है। हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नतों को बिल्कुल भूल चुके हैं। यहां तक कि जो हमारे ऊपर पांच वक्त की नमाज फर्ज है। उसी को हम पढ़ने को तैयार नहीं है। मौलाना ने कहा कि हमारे घरों में मां और बहने नमाजों का एहतमाम नहीं करती और अपने घरों में बैठकर मोबाइल में अपने कीमती वक्त को जाया करती रहती हैं। नमाजों की तरफ से दीन की तरफ से ध्यान बिल्कुल दूर होता जा रहा है। यही हाल आजकल नौजवानों का है। आते जाते घूमते-फिरते मोबाइलों में लगे रहते हैं। दीन से और नमाजों से दूर हैं। उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीन की तालीम का भी होना जरूरी है, जिससे दीन और ईमान और नमाजों का एहतमाम भी हो। जलसे की सदारत मौलाना शफीक कासमी और निजामत मुफ्ती जुबेर ने की। इस्लाही माशरे में मौलाना असलम, मौलाना अनीस, मुफ्ती ओवैस कासमी, मास्टर ताहिर, हाफिज मुबारक न शिरकत की और आखिर में मौलाना शफीक कासमी ने मुल्क और कौम की अमनो सलामती के लिए दुआ करायी।

### मुस्लिम फंड ने बांटे कंबल

**झालू।** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की शाखा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 50 गरीब व बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए गए। जिससे उन्हें सर्दी से बचाव में सहायता मिल सके। मुख्य अतिथि मौहम्मद साईम राजा ने कंबल वितरित करते हुए संस्था के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज के कमजोर और असहाय वर्ग की मदद करना हम सबका नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में वजाहतुल्लाह खां, डॉ. फैजान खान, मुंशी हसीनुद्दीन, मौहम्मद राशिद एड., शेख अकीलुद्दीन, मौहम्मद यामीन अंसारी सहित मुस्लिम फंड की शाखा के पदाधिकारी, समिति सदस्य एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### चाकू मारकर किया घायल

**नगीना।** ग्राम निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा कि वह जंगल में अपने पति व बेटी के साथ खेती का काम करने के लिए खेत पर गई थी। काम करते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति पर धारदार चाकू से पेट पर हमला कर दिया। उसकी बेटी को बुरी नियत से गन्ने के खेत में खीच कर ले जाने लगा। महिला के छुड़ाने से भी नहीं छोड़ा। तब उसने खुद शोर मचाया, तो आरोपी उसकी बेटी को छोड़कर उन्हें भी जान से मारने की धमकी देता हुआ मोटर साइकिल से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मंडावर में खुलेआम चल रहा पेड़ों पर आरा

## उद्यान विभाग व वन विभाग की शह पर उजाड़े जा रहे हरे-भरे आम के बाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** जिला उद्यान विभाग और वन विभाग दोनों भ्रष्टाचार में ऐसे डूबे हैं कि भू माफिया के हाथों की कठपुतली बनकर हरे-भरे आम के बागों को उजाड़ने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की मुहिम में शामिल हो गए है। भूमाफिया से लेकर अधिकारी और सत्तारूढ़ नेता तक सब हरे-भरे आम के बागों के दुश्मन बने नजर आ रहे हैं, जो योगी सरकार की साफ सुथरी और ईमानदार छवि को पलीता लगा रहे हैं।



**भाजपा नेता ने परमिट करा कर कटवाया आम का बाग**

कथित भाजपा युवा नेता सरकार की किरकरी करा रहा है। बिजनौर जिले भर में अवैध खनन भराव के ठेके लेता है और अपनी चार पहियों की गाड़ी से रौब गालिब करता फिरता है।

मंडावर क्षेत्र दुनियाभर में फलों के राजा आम की पैदावार के लिए मशहूर है। मंडावर से देश की तमाम मंडियों में आम की सप्लाई की जाती हैं। एक बाग की परवरिश कड़ी मेहनत और देखभाल के बाद ही की जाती थी। 20 साल में एक बाग तैयार होकर खड़ा होता है। इसकी बेहतर देखभाल गुलाब की खेती करके की जाती रही है। तभी मंडावर क्षेत्र दुनियाभर में आम की पैदावार और सप्लाई के लिए प्रसिद्ध रहा है। किंतु भाजपा सरकार में जैसे-जैसे जमीनी विकास ने पंख लगाए। वैसे-वैसे भू माफिया भी कुकरमुत्तों की तरह बढ़ गए और उन्होंने हरे-भरे आम के बागों को कम दामों पर खरीद कर महंगे दामों पर प्लाटिंग कराने का धंधा पकड़ लिया। जिसे देखो वो जमीन खरीदने और बेचने के गौरखधंधे में उतर गया। भूमाफिया ने क्षेत्र में एक गैंग बना कर कीमती आम के बागों को रातों रात काटने, उन्हें उजाड़ने का कार्य शुरू कर दिया। अब तो आलम यह हो गया है कि भू माफिया के गैंग में सत्तारूढ़ दल के नामचीन हस्तियां से लेकर संबंधित विभाग के भ्रष्ट अफसर तक शामिल हो गए। सब लोग अपने-अपने हिस्से लेकर हरे-भरे आम के बागों को काटने, उन्हें परमिशन देने, दिलवाने में जुट गए हैं। उद्यान विभाग और वन विभाग ने तो एक बाग के बाद दूसरे बाग को काटने के लिए बकायदा परमिशन देने का ठेका ले लिया हैं। लोग बताते हैं कि जिला उद्यान अधिकारी और डीएफओ बिजनौर बकायदा भू माफिया को खुल कर हरे भरे आम के बागों को काटने का परमिट जारी कर रहे हैं और पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि जितने भी बागों को उद्यान विभाग और वन विभाग द्वारा काटने की परमिशन जारी होनी बताई गई वे सभी बाग रविवार अवकाश के दिन कटवाए गए। क्षेत्रीय जागरूक लोगों और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा उच्चाधिकारियों को फोन करने पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचानें से रोकने का मौका नहीं मिला। संबंधित अधिकारियों ने फोन पर संपर्क किए जाने के बाद पल्ला झाड़ लिया या फोन स्विच ऑफ कर लिया। एक बाग में सैकड़ों स्वचलित आरे ट्रैक्टर ट्रॉली, जेसीबी मशीनें लगा दी जाती हैं। यहां तक कि हरे भरे पेड़ों की टहनियां भरने और उनका कटरूक बनाने की मशीनें तक लगाई जाती हैं। जेसीबी मशीनों से जड़ तक उखड़वा कर हाथों हाथ मौके से दूसरे स्थानों पर भेजी जाती हैं। एक दिन में तीन तीन आम के बाग समाप्त कर दिए जाते हैं। न कोई जांच न कार्रवाई। सब भ्रष्ट अफसर कर्मचारी और नेता अपने अपने हिस्से से खुश। बस दु:खी कोई हैं, तो वो हैं पर्यावरण प्रेमी या फिर जागरूक नागरिक। आम के बागों को उजाड़ने के गौरखधंधे और उसमें नेताओ और भ्रष्ट अफसरों के शामिल होने को देख कर क्षेत्रीय जनता भी हतप्रभ हैं।

अभी हाल ही में बंधन बैंकट हॉल के सामने लाला रामकिशन गुप्ता के आम के 85 पेड़ों के हरे-भरे बाग और मंडावर डिग्री कॉलेज के सामने शकील नाई के हरे भरे आम के बाग को रविवार की सरकारी छुट्टी में समाप्त कर दिया गया। आज ग्राम मौहंडिया के किरतपुर मार्ग पर लल्लू द्वार के सामने सरकारी ट्यूवेल के पूरब में स्थित एक आम के बाग को भी काटा गया है। यह बाग शनिवार की देर रात कटना शुरू हुआ था। भू माफिया ने तमाम पेड़ रात को ही काट दिए। इस दौरान मौहंडिया के ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमी सुनील पाल मनोहारिया ने अधिकारियों को फोन करने और अपना विरोध दर्ज कराकर रूकवाया था। रविवार को दोपहर के समय फिर माफियों ने इस बाग को कटवाना शुरू किया और देर शाम तक लगभग आधे से अधिक काट कर पेड़ों की जड़ें तक साफ कर दी। जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में रोष व्याप्त है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी सुनील पाल मनोहारिया, आबिद अंसारी और नवनीत राजपूत ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर और जनसुनवाई पोर्टल पर जिला उद्यान अधिकारी और डीएफओ बिजनौर के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है।

## कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर, ( बिजनौर )

पत्रांक:-820/न.पं.ब./2025-26 दिनांक:- 22.12.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत बढ़ापुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत बढ़ापुर में वर्ष- 2025-26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नवत निर्माण कार्य कराना चाहती है। इच्छुक ठेकेदार/फर्म अपनी सीलबंद निविदाऐं दिनांक 30.12.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करा सकते है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन सायं 4.00 बजे सभी पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों की उपस्थिति में सक्षम अधिकारियों द्वारा खोली जायेगी।

**शरायतें:-**

1- किसी भी सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2- निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।

3- सभी ठेकेदारों/फमों को अपनी धरोहर धनराशि नकद/एफ.डी.आर. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बढ़ापुर के नाम बंधित कर जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर धनराशि 01 वर्ष तक जमा रहेगी।

4- निविदा से संबंधित निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित धनराशि दिनांक:- 30.12.2025 को दोपहर-12:00 बजे तक जिला सहकारी बैंक शाखा-बढ़ापुर के खाता संख्या:- 000221000001278 आई.एफ.एस.सी. कोड ICICI00BIJNR में R.T.G.S./N.E.F.T./ नकद अन्य से ( प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग ) जमा की जा सकती है। इस मद में जमा की गयी धनराशि की रसीद की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से कोई भी निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा मूल्य न मिलने पर निविदा पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा व निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार होने पर निविदा मूल्य वापस नहीं होगा।

5- ठेकेदार को नगर पंचायत बढ़ापुर में पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। ठेकेदार को निविदा के साथ श्रमविभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आयकर का पैन नम्बर, जी.एस.टी. का रजिस्ट्रेशन, जिलाधिकारी द्वारा सत्यापित हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

6- प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रुपये के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

7- ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्वक कार्य न होने की दशा में नियमानुसार ठेकेदार/फर्म के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

8- सभी कार्यों हेतु कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य करते समय एवं कार्य समाप्ति के पश्चात के फोटोग्राफ्स प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9- ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार/ फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते है।

11- किसी भी प्रकार की जांच होने पर अंतिम निर्णय जांच कमेटी या माननीय न्यायालय का होगा।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | प्रांकलन धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य ( 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त ) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मौ. ठाकुरान वार्ड नं.-04 में श्री शकील के घर से कृष्णा ठाकुर के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 131501.00 | 10 प्रतिशत | 1500.00 | 1 माह |
| 2 | मौ. ठाकुरान वार्ड नं.-04 में श्री मौहम्मद के घर से मनोज के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 292108.00 | 10 प्रतिशत | 2500.00 | 1 माह |
| 3 | मौ. लाल सराय वार्ड नं.-07 में अब्दुल सलाम के घर से मौ. यामीन के घर तक सी.सी.रोड व नाली निर्माण कार्य। | 118405.00 | 10 प्रतिशत | 1500.00 | 1 माह |
| 4 | मौ. लाल सराय वार्ड नं.-07 में नौशाद के घर से राशिद के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 218150.00 | 10 प्रतिशत | 2500.00 | 1 माह |
| 5 | मौ. लाल सराय वार्ड नं.-07 में अकरम के मकान से कल्लू के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 128146.00 | 10 प्रतिशत | 1500.00 | 1 माह |
| 6 | मौ. हरिजन बस्ती वार्ड नं.-02 में 110 एम.एम.एच.डी.पी.ई. पाईप लाईन श्री हरि सिंह के मकान से श्री संजय सिंह के मकान तक बिछाये जाने का कार्य ल. 230 मीटर। | 391000.00 | 10 प्रतिशत | 4000.00 | 1 माह |
| 7 | मौ. हरिजन बस्ती वार्ड नं.-02 में 110 एम.एम.एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन श्री परवीन सिंह के मकान से श्री हरि सिंह के मकान तक बिछाये जाने का कार्य ल. 240 मीटर। | 406000.00 | 10 प्रतिशत | 4000.00 | 1 माह |
| 8 | मौ. पक्का बाग वार्ड नं.-05 में 110 एम.एम.एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन श्री रामसरन के मकान से श्री नरेश के मकान तक बिछाये जाने का कार्य ल. 85 मीटर। | 205000.00 | 10 प्रतिशत | 2000.00 | 1 माह |
| 9 | मौ. पक्का बाग वार्ड नं.-05 में 110 एम.एम.एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन श्री ललित के मकान से श्री धन सिंह के मकान तक बिछाये जाने का कार्य ल. 105 मीटर। | 320000.00 | 10 प्रतिशत | 3500.00 | 1 माह |

**( रविशंकर शुक्ला )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद बिजनौर**

**( मौ. दिलशाद )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद बिजनौर**

## एक नजर

### कश्मीरी की टीम ने जीता मैच



**कोतवाली देहात।** मोमिन नगर क्रिकेट क्लब के द्वारा कस्बे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन ग्राम प्रधान इमरान शमी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल भावना के साथ खेल खेलने का आह्वान किया। राष्ट्रगान के साथ क्रिकेट मैच की शुरुआत हुई। पहला मैच ग्राम ब्राह्मणवाला तथा कश्मीरी की टीमों के बीच खेला गया। मैच को कश्मीरी की टीम ने पांच विकेट से जीत लिया। शादाब को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी में वरीश अहमद, मोहम्मद खालिद, दिलशाद अहमद, पवन कुमार, माजिद आदि शामिल रहे।

### गणित मेले का आयोजन



**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में श्रीनिवास रामानुजन की जयन्ती के अवसर पर गणित मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अजय यादव उप प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज, डॉ. एल.एस. बिष्ट क्षेत्रीय मंत्री विद्या भारती, पूरन सिंह भण्डारी एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे। आचार्य संजय सिंह, आचार्य प्रमोद कुमार, आचार्य संजय शर्मा आदि ने विचार रखें। संचालन आचार्य पंकज शर्मा ने किया। इस अवसर आचार्य गोपेन्द्र सिंह, आत्मस्वरूप शर्मा, गौरव कुमार, अनन्त कुमार, नीरज कुमार, घनश्याम सिंह, विवेक प्रताप, सोनू कुमार, संजीव कुमार, आचार्या रजनी टांक, पूनम रानी, मनु, अर्चना आदि उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर मेला



**नगीना।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जयंती एवं राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में भव्य गणित प्रदर्शन मेला स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में हुआ। प्रधानाचार्य महेश एवं आचार्या श्रीमती पूनम गुप्ता द्वारा निर्णायक दल को अंग वस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उप प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र ने निर्णायक दल का परिचय कराया। निर्णायक दल में कामेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सचिन रुहेला व दीक्षा रानी शामिल थी। अंकुर कुमार चौहान ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय, उनके योगदान एवं प्राचीन काल से चली आ रही भारत में गणित की उज्जवल परंपरा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रतियोगिता में कुल 284 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आचार्य ब्रह्मपाल सिंह और चन्द्र प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

### विजेता टीम को किया सम्मानित



**नहटौर।** शासन की मंशा के अनुरूप नहटौर के खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरेन्द्र पाल सिंह एव विज्ञान के ब्लॉक ऐडमिक पर्सन हेमराज सिंह आर्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परीक्षा संपन्न हुई। विकास क्षेत्र के प्रत्येक उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। जिसमें समस्त 63 विद्यालयों ने प्रतिभाग करते हुए प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन विजेता छात्र/छात्राओं की सूची कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी नहटौर को उपलब्ध करायी गयी थी। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र/ छात्राओं की परीक्षा आज राजकीय बालिका विद्यालय नहटौर के प्रांगण में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कुल प्रतिभागी 160 छात्र/ छात्राओं लिखित परीक्षा दी। इस परीक्षा में से टॉप 25 छात्र/ छात्राओं को क्विज राउंड में प्रतिभाग कराया गया। क्विज राउंड में कुल पांच टीमों में टीम ई विजेता घोषित हुई। विजेता टीम के बच्चे जनपद स्तर पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। अंश कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नकीबपुर, अनमोल कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर बुजुर्ग, दामिनी क. विद्यालय सीकरी बुजुर्ग, निशांत उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्हैदादपुर मुबारक, यश कुमार क. विद्यालय मिलक मुकीमपुर विजेता रहे। प्रतिभागी सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो जैमिट्री बॉक्स आदि वितरित किए गए। परीक्षा को संपन्न कराने में सुखवीर सिंह, अभिषेक भटनागर, अभिषेक राणा, सोनू तोमर, स्वाति सिवाच, प्रतिभा रानी, थम्मन सिंह, निशि चौधरी, अंशुल दीक्षित आदि का विशेष सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 01 के सम्पत्ति संख्या 11/01 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में विवेक बंसल पुत्र नरेंद्र कुमार बंसल के नाम दर्ज है। अत: विवेक बंसल पुत्र नरेन्द्र कुमार बंसल का नाम निरस्त कर श्रीमती वर्षा रानी पत्नी पवन कुमार का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन, बिजनौर**

वाद संख्या:- 751/2005

**मुनिविद्यानन्द जैन आदि बनाम मुकेश नन्दन जैन आदि**

1. दिपेश जैन 2. अपूर्व जैन पुत्रगण स्व. विमलेश कुमार जैन निवासीगण न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी, महेन्द्रा ट्रैक्टर के शोरूम के पीछे, मुरादाबाद रोड, कस्बा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-वादीगण**

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि प्रा. पत्र संशोधन आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 07.01.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक 07.01.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर।**

## एक नजर

### एकल काव्य प्रतियोगिता



**चांदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आज गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एकल काव्य प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका निर्देशन उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ ने किया। राष्ट्र निर्माण में अटल बिहारी वाजपेई का योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सफिया फात्मा, फैजान, अर्शी परवीन, शुमायला मलिक, अरीबा आफताब तथा अल्फिया आदि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अर्शी परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल काव्य प्रतियोगिता में मौहम्मद शादाब, मयंक भारद्वाज तथा मुनीबा आदि ने काव्य पाठ किया, जिसमें मौहम्मद शादाब प्रथम रहे। शासन के आदेशानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 24 दिसंबर को बिजनौर में प्रतिभाग करेंगे। प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व और उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रतियोगिता के निर्णय से अवगत कराया।

### दो दुकानों में चोरी से दहशत



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर स्थित पुलिस चेकपोस्ट से मात्र 100 मीटर दूर दो भाईयों की दुकान में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते से घुसकर चोरी कर ली। अज्ञात जैड्.एस. ट्रेडर्स नाम की सरिया सीमेंट की दुकान में पीछे छत के रास्ते सरिया काटकर घुस गए। दुकान में घुसने के बाद चोर बराबर की किताबों दुकान में भी पहुंच गए। चोरों ने दोनों दुकानों के गल्ले में रखी 4 हजार रुपये की नकदी व चांदी के चार सिक्के चोरी कर लिए। चोरी का पता उस समय चला जब दुकान स्वामी दुकान खोलने पहुंचे। चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। करीब दो वर्ष पूर्व भी इसी तरह से इन दुकानों में चोरी हुई थी। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। सीसीटीवी में चोर दिखाई दे रहे है। बता दें कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव लठमार मिलक निवासी नरेंद्र उर्फ काले के यहां लाखों रुपए के जेवरात व नकदी, बसावनपुर निवासी गुड्डू की डेरी से 7 हजार की नकदी तथा गांव के ही राजकिशोर को चोर घायल कर फरार हो गए थे। नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### 28 जनवरी तक चलेगा बाल पोषण माह



**स्योहारा।** बाल स्वास्थ्य एवं पोषण माह (बीएसपीएम) अभियान के तहत 27 दिसंबर 2025 से 28 जनवरी 2026 तक 9 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक प्रत्येक बुधवार व शनिवार को आयोजित छाया वीएचएनडी सत्रों के माध्यम से दी जाएगी। इस संबंध में सीएचसी में आयोजित बैठक में अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने एएनएम एलएचवी सुपरवाइजर व स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभियान से जुड़ी सामग्री उपलब्ध कराई। ड. स्नेही ने बताया कि विटामिन-ए कार्यक्रम बच्चों को अंधेपन कुपोषण व बीमारियों से बचाने के लिए संचालित किया जाता है। अभियान के दौरान लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक के साथ-साथ छूटे हुए टीके भी लगाए जाएंगे तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में डा. राकेश कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, सीडीपीओ हेमलता सैनी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### बस में सवार बुजुर्ग महिला की मौत

**स्योहारा।** 67 वर्षीय भगवती पत्नी चंद्रपाल निवासी ग्राम जगन्नाथपुर नगीना अपनी बेटी पुष्पा के साथ ऋषिकेश से स्योहारा क्षेत्र के ग्राम सुरा नंगला स्थित रिश्तेदारी में जा रही थी। जब बस सहसपुर चौकी के पास पहुंची तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका की बेटी पुष्पा ने बताया कि उनके पिता का करीब आठ माह पूर्व देहांत हो चुका है, उनके माता-पिता ऋषिकेश में उन्हीं के साथ रहते थे। उन्होंने बताया कि उनकी मां उम्र के कारण अक्सर बीमार रहती थीं।

### पूर्व विधायक की बहन का इंतकाल

**स्योहारा।** नगर के समाजवादी पार्टी से नूरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन की बहन इस्मत जहां (58 वर्ष) का बीती देर शाम अचानक ब्रेन हेमरेज होने से इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, नगर और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार रविवार की देर शाम परिवार में एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी चल रही थी। परिवार के कुछ सदस्य पहले ही शादी समारोह के लिए रवाना हो चुके थे, जबकि इस्मत जहां सहित कुछ लोग दूसरी गाड़ी से जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, लेकिन अचानक स्थिति बिगड़ने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हाजी नईमुल हसन के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ जुटने लगी। सपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे। शेरकोट से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कमरुल इस्लाम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव तथा अफजलगढ़ से शेख सुलेमान सहित अनेक राजनीतिक व सामाजिक लोग मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। नेताओं एवं सामाजिक लोगों ने इस्मत जहां के निधन को परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पूरे नगर व आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। सोमवार के दिन बाद नमाजे असर उनको सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके जनाजे में वरिष्ठ समा. जसेवी महफूज एडवोकेट शमशाद एडवोकेट, डा.मनोज वर्मा, डा. एनडी हाशमी, डा.जानिब हाशमी, चौधरी फहीमुर्रहमान, मौ. शरीफ, पूर्व डीएसपी इकबालुजम्मा, बसपा नेता, कांग्रेस नेता, आदिल चौधरी, हाजी इलियास चौधरी, असजद चौधरी, पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील, भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, शैकी रस्तौगी, मंसूर हाफिज, शमीम अंसारी, विधायक प्रति. निधि सुरेंद्र अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, इफ्तेखार चौधरी, जाकिर उर रहमान, नासिर चौधरी, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, डा. कफील चौधरी, लदान लारा, डा. हसन सिद्दीकी, अकरम अंसारी, अदनान अंसारी, जिया चौधरी अफजल चौधरी, रिफाकत चौधरी, डा. खुर्शीद कुरैशी, नय्यर चाहते, चौधरी वलीउर रहमान व नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी एवं सभी पत्रकारों और सैकड़ों नगर वासी एवं नेताओं ने शोक प्रकट किया है।

# ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का सफल रिहर्सल

## आग लगने की स्थिति दर्शाकर अग्निशमन व चिकित्सा व्यवस्था की परखी तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल्स की केमिकल यूनिट में औद्योगिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर ऑन साइट इमरजेंसी प्लान का द्वितीय वार्षिक रिहर्सल (मॉक ड्रिल) सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। केमिकल यूनिट को खतरनाक प्रकृति की श्रेणी में रखे जाने के कारण नियमानुसार दिसंबर माह में यह रिहर्सल प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रूप से कराया जाता है। यह मॉक ड्रिल सहायक निदेशक कारखाना (उत्तर प्रदेश) सुरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा प्रेषित निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई।



रिहर्सल के दौरान सहायक निदेशक कारखाना सुरेंद्र बहादुर सिंह स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और उनके नेतृत्व में तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के दिशा-निर्देशन में समूची प्रक्रिया संपन्न कराई गई। मॉक ड्रिल के अंतर्गत केमिकल यूनिट के टैंक एरिया में टैंक संख्या-4 पर वेल्डिंग कार्य के दौरान संभावित आग लगने की काल्पनिक घटना को दर्शाया गया। अग्निशमन विभाग के प्रमुख सत्यवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर से पहुंचे डा. सुशील कुमार, डा. अर्चना पवार एवं डा. निधि रानी ने घायलों की प्राथमिक जांच कर उपचार प्रदान किया।

धामपुर शुगर मिल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने कहा कि मिल प्रबंधन के लिए श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षित रखने के लिए इस प्रकार के रिहर्सल नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। डिस्टलरी हेड सुनील राणा ने प्रोसेस, इंजीनियरिंग एवं फायर टीम के आपसी समन्वय से मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया।

मिल अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों में सुनील राणा, विवेक सिंह यादव, शरद गहलोत, दुर्गेश राठौर, विनोद सिंह राणा, विनोद कुमार, प्रवीण भारतीया, स्मृति यादव, अजय पांडेय, उज्जवल सिंह, मोहम्मद आबिद, धीरज सक्सेना, विनोद बिष्ट सहित अग्निशमन दल से सत्यपाल सिंह, कमल सिंह पंवार, रमेश पंडित, ओंकार सिंह, जयराम यादव, सौरभ प्रताप एवं रतेंद्र सिंह मौजूद रहे। संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। यह दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है।



इस अवसर पर विद्यालय में मैथमेटिक्स ओलंपियाड 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के लगभग 3500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि और तार्किक सोच को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने गणित विषय के मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीनिवास रामानुजन के योगदान पर आधारित विभिन्न गति. विधियों में भाग लिया तथा गणित की रोचक और रहस्यमयी अवधारणाओं से परिचित हुए। विद्यालय के डायरेक्टर राणा प्रियंकर सिंह एवं विद्यालय प्रशासन प्रमुख अदिति सिंह ने विद्यार्थियों की गणित विषय में विशेष रुचि की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. एस. नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित विषय छात्रों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और समस्या समाधान कौशल को विकसित करता है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहायक सिद्ध होता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभागाध्यक्ष एस.के. देवरा, डी.पी. सिंह, दिव्येश कुमार, राहुल यादव, ओमकार सिंह, अनुज कुमार, अरुण कुमार, दुष्यंत सिंह, अजयवीर सिंह, सीमा अरोड़ा, भावना अग्रवाल, पूजा गुलाटी, शोभित, हितरा, प्राणी, विद्यालय कोऑर्डिनेटर राजीव चौहान, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मयंक कौशिक, परीक्षा प्रभारी तबरेज खान एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### बॉयलर की ट्यूब लीक होने से छह घंटे बंद रही मिल

**नजीबाबाद।** किसान सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड नजीबाबाद को बॉयलर की ट्यूब लीकेज होने के कारण जहां मिल में कार्य करीब छह घंटे के लिए प्रभावित रहा। वहीं मिल को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

बताया जाता है कि मिल अधिकारियों द्वारा बॉयलर में करोड़ों रुपए लगाने के बावजूद बॉयलर ट्यूब लीकेज हो रही हैं। जिससे गन्ने लीज की केशिग प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि एजीएम मीटिंग में मिल के अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि बॉयलर पर 85 लाख रुपये का अतिरिक्त कार्य कराया गया है। जिससे बॉयलर पूरी क्षमता से चलेगा।

विगत वर्षों में भी बॉयलर की ट्यूब लीकेज होती रही है। जिस कारण मिल को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## भटियाना खुशहालपुर में बंदरों का आतंक, ग्रामीण दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भटियाना खुशहालपुर में बीते काफी समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। गांव में मौजूदा समय में करीब 400 से 500 बंदर बताए जा रहे हैं, जिनसे ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर रहे हैं। बंदरों के हमलों से कई लोग चोटिल हो चुके हैं, वहीं घरों की छतों पर रखा सामान, फसलें और घरेलू वस्तुएं भी बंदरों द्वारा नुकसान की जा रही हैं। हालात यह हैं कि लोग अपनी ही छत पर जाने से डरने लगे हैं।

बंदरों के बढ़ते आतंक के कारण स्कूली बच्चों में भी भय का माहौल है। कई बच्चे स्कूल जाने से घबराते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। महिलाओं और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में घूम रहे बंदरों को पकड़कर अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान ज्योति, मोहित चौहान, महेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष सिंह, अरविंद,अर्जुन, प्रमोद, अंकित, विकास, गंभीर, गुलशन, संजय, ओमप्रकाश, सुनील आदि के हस्ताक्षर है।

## विद्या मंदिर में छात्रवृत्ति एवं शीतकालीन वेश का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओम कृष्णा फाउंडेशन के माध्यम से मेधावी व निर्धन छात्रों को शीतकाल. ीन वेश में विलेजर एवं छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यालय में संपन्न हुई संघ ज्ञान प्रतियोगिता में अपने-अपने कक्षाओं से शत-परिषद छात्रों को प्रतियोगिता में शामिल करने वाले आचार्य ओमेंद्र शर्मा, कार्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार, विनय कुमार शर्मा, दुर्गेश कुमार, हरि नारायण शर्मा आदि को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य हेमेंद्र ने अशोक कुमार गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## नरेंद्र अग्रवाल का शिखर प्रबंध समिति से इस्तीफा

### अंदरूनी राजनीति की चर्चाएं तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंध समिति में उस समय हलचल मच गई, जब समिति के एक वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए प्रबंध समिति/कार्यकारिणी से त्याग पत्र सौंपा है।

इस संबंध में नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने जिलाधिकारी बिजनौर एवं शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष को पत्र भेजकर अवगत कराया है। पत्र में उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य हैं, लेकिन स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण वे अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया है कि वह विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित अन्य सभी पदों से स्वेच्छा से इस्तीफा दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनकी जानकारी में समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने पदों से इस्तीफा दिया है। इस्तीफे की प्रतिलिपि विद्यालय के प्रबंधक को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है। इस घटनाक्रम के बाद विद्यालय की प्रबंध समिति में आगे की प्रक्रिया को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

हालांकि, सूत्रों का दावा है कि इस्तीफे के पीछे केवल स्वास्थ्य कारण ही नहीं, बल्कि विद्यालय प्रबंधन से जुड़ी अंदरूनी राजनीति, आपसी मनमुटाव और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी एक बड़ा कारण हो सकती है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ समय से प्रबंध समिति के भीतर मतभेद चल रहे थे, जो अब सतह पर आते दिखाई दे रहे हैं।

फिलहाल प्रबंध समिति की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन इस्तीफे के बाद विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा जगत में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## विशाल अहमद व्यापार संगठन के शाखा मंत्री नियुक्त

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा की एक बैठक स्टेशन रोड पर आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने विशाल अहमद को शाखा मंत्री नियुक्त किया। साथ ही शाखा उपाध्यक्ष शिताब खान, फरहत खान, महफूज खान, गुड्डू, अय्यूब, डीके, शेर खान, बाबर खान, नफीस अहमद, इकबाल, शानू, रफी, विक्की, मुदस्सिर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# कैंसर का इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर वे क्षेत्र में लगातार बढ़ते कैंसर के मामलों को लेकर समाजसेवी एवं राजनीतिक लोगों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। वक्ताओं का कहना है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन उससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति उसके इलाज को लेकर है। इलाज इस कदर महंगा हो गया है कि आम आदमी की आर्थिक स्थिति उसे वहन करने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है।






### सरकार सस्ती दवाइयों व केंद्रों की व्यवस्था करें

नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि आज कैंसर केवल बीमारी नहीं बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक आर्थिक त्रासदी बन चुका है। इलाज के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, जिससे परिवार पूरी तरह टूट जाता है। सरकार को चाहिए कि कैंसर के सरकारी केंद्रों की संख्या बढ़ाए और दवाइयों की कीमतों पर सख्त नियंत्रण लगाए।

युवा एकता समिति के अध्यक्ष अकरम अंसारी ने कहा कि कैंसर मरीजों के परिजन इलाज के लिए अपने घर के जेवर, जमा पूंजी और यहां तक कि खेती की जमीन तक बेचने को मजबूर हैं। फिर भी कई बार मरीज को बचा पाना संभव नहीं हो पाता। यह स्थिति बेहद पीड़ादायक और सामाजिक रूप से चिंताजनक है।

युवा समाजसेवी डा. दानिश कमल ने कहा कि समय पर जांच और सस्ता इलाज उपलब्ध हो तो कई मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र स्थापित किए जाएं तथा गरीब मरीजों को नि:शुल्क या अत्यंत सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं।

बहुजन समाज पार्टी के नेता युवा समाजसेवी इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि आज कैंसर का इलाज केवल अमीरों तक सीमित होता जा रहा है। आम आदमी की मजबूरी का कोई समाधान नहीं दिख रहा। सरकार को चाहिए कि कैंसर से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करे, ताकि जरूरतमंदों को वास्तविक लाभ मिल सके।

समाजसेवियों ने एक स्वर में मांग की कि सरकार कैंसर के इलाज को सुलभ, सस्ता और आम जनता की पहुंच में लाए, जिससे कोई भी परिवार केवल बीमारी के कारण आर्थिक रूप से बर्बाद न हो और मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके।

## एक नजर

### गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता




**नूरपूर।** आरआर पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। स्कूल में गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। रामानुजन का बचपन निर्धनता और कठिनाइयों में बीता। श्रीनिवासन रामानुजन के गणित पर लिखा आर्टिकल तत्कालीन समय की सर्वोत्तम विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित होते थे। संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए उन्हें संख्याओं का जादूगर माना जाता है। उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह के अनुसार महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर स्कूल में प्रत्येक वर्ष रामरक्षपाल मेमोरियल मैथमेटिक्स ओलंपियाड का आयोजन होता है। इस अवसर पर सुशांत मेहरा, मुकुल शर्मा, गौरव चौहान, अनुराग शर्मा, कपिल कुमार, पूनम चौहान, कपिल बब्बर, शगुन चौहान, शाहीन परवीन, वासु चौधरी, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित



**नहटौर।** मौहल्ला मीरा की सराय में स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में लिफाफ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 22वां लिफाफ वितरण समारोह में 510 जरूरतमंद लोगों को लिफाफ वितरित किए गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करना एक फर्ज है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से सुकून मिलता है। हमें अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए समाजसेवा में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने अन्य लोगों से भी जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आह्वान किया। इस मौके पर हाजी असलम सैफी, सलीम डालर, राजू चौधरी, युसूफ खान, रिजवान अहमद, शकील अहमद, मौलाना नफीस अहमद कासमी, कारी अकील अहमद, मौलाना तफजील अहमद, जैद अंसारी, सोनू अंसारी खालिद अंसारी, सागीर जैद,पम्मी जमशेद, वसीम एडवोकेट, सभासद रियासत उर्फ बॉन्टिस, काका इसरार अहमद आदि मौजूद रहे।

### शिविर में पचास मरीजों की जांच

**नजीबाबाद।** गहलौत दंत क्लीनिक मंडावली पर रविवार को एक दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें आए मरीजों की दांतों की नि:शुल्क जांच की गई। डॉ. वंदना गहलौत ने शिविर में लगभग 50 मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दवाई दी तथा दांतों की सही देखभाल के लिए कुछ जरूरी सुझाव भी दिए। शिविर में गौरव गहलौत, अंकित गहलौत, दीपक कुमार, विशाल कुमार आदि का सहयोग रहा।

### मोटर एजेंसी का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** मंडावली रोड पर मलिक मोटर एजेंसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मंडावली पुष्पेंद्र कुमार, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर मोटर एजेंसी के स्वामी शरीफ अहमद, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, मौहम्मद यूनुस, शहाबुद्दीन मकरानी, सुनील त्यागी, मास्टर नीरज कुमार, वीर सिंह, अब्दुल रहमान अल्वी, मुजाहिद मंस. ूरी, इकबाल अहमद, हफीज अहमद आदि मौजूद रहे।

### महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दी




**बिजनौर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने खेलों के क्षेत्र में उत्कर्ष दिखा रही 0 प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि वितरित कर महिला सशक्तिकरण व खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुल रुपए 25,000/- की धनराशि खिलाड़ियों को प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से हमारी बेटियां खेलों में नए आयाम स्थापित कर रही हैं। खेलों के प्रति उनका समर्पण व जोश काबिले तारीफ है। जिला प्रशासन द्वारा जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा ताकि वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिजनौर का नाम रोशन कर सकें। प्रोत्साहित खिलाड़ियों में कु. साक्षी, कु. तनीशा, कु. तनु, कु. तानिया, कु. सोनी, कु. शालिनी रावत, कु. सारिका रावत, कु. विधि चौहान, कु. भूमि चन्द्रा तथा कु. परी चन्द्रा शामिल हैं। कार्यक्रम में राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, हिमांशु, सहायक जिला खेल कार्यालय, चित्रा चौहान (हॉकी प्रशिक्षिका) एवं फिरोज खान (कायकिंग/कैनोइंग प्रशिक्षक) उपस्थित रहे।

### वर्मा बंधुओं ने गरीब परिवारों को बांटे कम्बल



**चांदपुर।** वर्मा ज्वैलर्स ने इस बार फिर कड़ाके की सर्दी में गरीब परिवारों को बचाने के उददे्श्य से अपने ग्राम खासपुरा में कम्बल बांटे। आज चांदपुर स्थित अपनी शॉप पर कुछ राहगीरों को कम्बल बांटने के बाद अपने घर ग्राम खासपुरा पहुंचकर वहां सैकड़ों परिवारों को कम्बल बांटे। प्रदीप कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि वह अपने पिता स्व. राजकुतार वर्मा की स्मृति मे प्रत्येक वर्ष गरीब परिवारों को सर्दी से बचाने के लिये कम्बल बांटते चले आ रहे है। गौरतलब है कि राजकुमार वर्मा समाजवादी पार्टी के सीनियर कार्यकर्ताओं मे गिने जाते थे तथा उनका पार्टी मे बहुत सम्मान होता था।

### दिगम्बर जैन मंदिर में णमोकार महामंत्र का पाठ

**नजीबाबाद।** श्री दिगम्भर जैन पंचायती मंदिर में विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर जैन महिला मिलन शाखा के तत्वावधान में णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। 21 दिसंबर को णमोकार मंत्र दिवस को रूप में विश्व पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया। वरिष्ठ श्राविका रश्मि जैन के सानिध्य में एक घंटे का पाठ किया गया। जिसमें निधि जैन, कुमकुम जैन, संगीता जैन, कुशमंदानी जैन, संध्या जैन, स्वाति जैन, सुनीता जैन, पूनम जैन, श्री जैन, संयम जैन, आदिश जैन, राजीव जैन, भाविक जैन आदि मौजूद रहे।

नई तहसील पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन, केन्द्र सरकार पर नाम बदलने की आड़ में रोजगार छीनने का आरोप

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसी सड़कों पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मनरेगा का नाम बदलने का विरोध सड़क पर आ गया है। कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर देश भर में कांग्रेसियों के विरोध प्रदशन में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नई तहसील स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया।

संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा से अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर वीजी राम जी करने के देश भर में कांग्रेस हाईकमान के विरोध करने के आहवान पर कांग्रेस सड़कों पर आ गए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की और शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिव किशोर गौतम के संयुक्त नेतृत्व में एकत्र हुए कांग्रेसियों ने नई तहसील स्थित उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर विरोध प्रर्दशन किया। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाकर न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है बल्कि मनरेगा का रूप स्वरूप बिना विचार विमर्श और बिना किसी से सलाह मशवरा किये विपक्ष को विश्वास में लिए बगैर मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको कितना कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, जबकि यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था यह देश हित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों श्रमिकों को और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीब के हितों पर हमला किया है। उन्होने कहा कि एक तरफ भाजपा गरीबों का हितैषी बनने का स्वांग रचती है जबकि दूसरी ओर योजनाओं के नाम बदलकर गरीब और मजदूरों के काम मिलने वाली महात्मा गांधी रोजगार गारंटी ोजना का नाम बदलकर उन्हे पैदल करना चाहती है। कांग्रेस इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। संसद के विरोध के बाद कांग्रेस सड़कों पर इसका विरोध करेगी और जब तक केन्द्र सरकार मनरेगा का नाम पूर्व की तरह नहीं करेगी तब तक विरोध किया जाता रहेगा। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि कांग्रेस जन आखिरी दम तक इस देश के गरीब, मजदूर, किसानो, बेसहारा लोगों के लिए आवाज उठाते रहेंगे। इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह अल्पसंख्यक विभाग आरिफ तनवीर खान नगर अध्यक्ष चंदौसी संजीव कुमार साहू डी के वाल्मीकि सलीम सैफी दाऊद पाशा सलमान तुर्की जयप्रकाश सहगल सफी सैफी अंसार अब्बासी सुभानी यासीन अंसारी रिजवान अंजार मंसूरी अंजार तुर्की निसार अहमद नजरुल डा. मरगूब अहमद, विष्णु चौहान रुखसानत आदि मौजूद रहे।



सम्भल- मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में नई तहसील पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# नगर पंचायत के कुंओं पर बने पीएम आवास

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** सरकारी सम्पत्ति से अवैध कब्ज़े हटाने को प्रदेश भर में अभियान चल रहा है,लेकिन कस्बे के नगर पंचायत की सम्पत्ति से अवैध कब्ज़ा हटाने के नाम पर कार्रवाई शून्य है।

कस्बे के वार्ड एक व दो में नगर पंचायत के बंद पड़े कुंओं पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अर्न्तगत आवास बना दिए गए हैं। नगर पंचायत के कुंओं पर निजी आवास बनाने की स्वीकृति से लेकर धनराशि लाभार्थी के खाते में जारी किए जाने तक राजस्व एवं नगरीय विकास अभिकरण डूडा जिम्मेदार है। इस पूरे अमले की जॉच प्रशासनिक अधिकारियों की टीम से कराए जाने पर सच्चाई सामने आ जायेगी। नगर पंचायत प्रशासन को भी चाहिए कि अपने स्र से कुंओं पर पीएम आवास बनाने की जॉच कराकर भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने की कार्रवाई करें।

**इन पर कब चलेगा बुल्डोजर**

# कैंटर की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमौली।** बाइक से जाते कैंटर टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना एचौड़ा कंबोह के गांव नगलिया कामगार निवासी वरुण पुत्र अशोक कुमार (19) किसी काम से सोमवार की सुबह सैदनगली की तरफ मोटर साइकिल से जा रहा था। एचौड़ा कंबोह की तरफ से आ रही कैंटर यूपी 23 बीटी 4099 ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल सैदनगली ले गए जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना सैद नगली पुलिस कैंटर को कब्जे में करके थाने ले आई। एचौड़ा कंबोह थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच बहन भाइयों मै बीच का था। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-मथुरा के जायंटर वेलफेयर फाउंडेशन के गोल्डन जुबी समारोह में अवार्ड से सम्मानित होते डा. उमेश अग्रवाल।

## फेडरेशन अध्यक्ष डा. उमेश आउट स्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बहजोई।** मथुरा में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन का 50वाँ गोल्डन जुबली वार्षिक अधिवेशन भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में फेडरेशन-5 ने अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया। जिसमे बहजोई के प्रसिद्ध डा. उमेश अग्रवाल को सम्मानित किया। फाउंडेशन की विश्व अध्यक्ष शायना एन.सी. ने फेडरेशन-5 के अध्यक्ष डा. उमेश अग्रवाल को 'आउटस्टैंडिंग अवार्ड' से नवाजा। यह सम्मान उन्हें फेडरेशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने, रिकॉर्ड सदस्यता वृद्धि करने और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ फेडरेशन का खिताब देश भर की कुल 17 फेडरेशनों के बीच कड़े मुकाबले में, फेडरेशन-5 को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ फेडरेशन' के बहुमूल्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दोहरी उपलब्धि पर फेडरेशन-5 ने विश्व अध्यक्ष शायना एन.सी. जी का उनके मार्गदर्शन और इस सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। यह अधिवेशन संस्था के 50 गौरवशाली वर्षों के जश्न के रूप में याद किया जाएगा।




सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में भाष प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा।

## जन्म शताब्दी पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। एमजीएम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता और कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजकीय कॉलेज संभल के प्राचार्य प्रोफेसर डा. राष्ट्रवर्धन रहे। भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई और सुशासन विषय पर छात्र छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमजीएम कॉलेज की रिया गौतम द्वितीय स्थान पर राजकीय कॉलेज की उमरा चौहान तथा तृतीय स्थान पर एनकेबीएमजी कॉलेज चंदौसी की छात्र कशिश रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का सुशासन व्यक्ति-केंद्रित और पारदर्शी शासन का आदर्श था। उन्होंने अपने कार्यकाल में आर्थिक सुधारों को गति दी।स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना शुरू की, सर्व शिक्षा अभियान चलाया और पोखरण परमाणु परीक्षण से राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत की। सहयोगी दलों के साथ स्थिर सरकार बनाए रखकर उन्होंने जवाबदेही, समावेशिता और विकास को प्राथमिकता दी। उनका शासन सेवा-भावना से प्रेरित था।प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डा वी के गुप्ता, डा. निलेश कुमार रहे। संचालन डा. फहीम अहमद ने किया



सम्भल- सर सय्यद सामान्य ज्ञान परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## तीन परीक्षा केन्द्रों पर हुई प्रतियोगिता परिक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अल अमीन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सर सैय्यद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सम्भल नगर व उपनगरी सरायतरीन में तीन परीक्षा केंद्रों पर करायी गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र प्रभारी, कोऑर्डिनेटर, रिलीवर एवं इनविजिलेटर सहित पूरा स्टाफ समय पर उपस्थित रहा और परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रूप से सम्पन्न कराया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। कम्पटीशन कंट्रोलर मुहम्मद शारिक जीलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है।कम्पिटीशन चेयरमैन व इंचार्ज डा. शहजाद अहमद ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा डयूटी में लगे समस्त स्टफ के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

## कर करेत्तर व विभागों के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कर करेत्तर/न्यायालय राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा आदि राजस्व संबंधी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा एवं स्थानीय नगर निकायों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्टाम्प निबंधन, आबकारी, वाहन कर वानिकी, खनन ,जीएसटी, विद्युत आदि के लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



सम्भल/बहजोई- रेलवे द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत पर निरीक्षण करते डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# युवा शोद्यकर्ता मुकुल की सफलता पर हर्ष

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



**बबराला।** युवा शोधकर्ता मुकुल अग्रवाल बबराला का नाम रोशन कर रहा है। जो बबराला कस्बे के लिए यह गर्व का विषय है कि यहाँ के निवासी केमिकल इंजीनियर मुकुल अग्रवाल, पुत्र उमेश अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रकाशित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुकुल बबराला के पहले ऐसे युवा हैं जिन्होंने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में अपने शोध लेख प्रकाशित किए हैं और वह हमारे क्षेत्र के सबसे कम उम्र के शोध कर्ताओं में से एक हैं।

मुकुल अग्रवाल ने अपने दो महत्वपूर्ण शोध पत्रों में खाद्य एवं कृषि अपशिष्ट से बायोडीजल उत्पादन की आधुनिक तकनीकों पर कार्य किया है। उनके शोध में यह सिद्व किया गया है कि फास्ट पायरोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से बेकार खाद्य सामग्री और कृषि अवशेषों को उच्च गुणवत्ता वाले जैव-तेल एवं फैटी एसिड एल्किल एस्टर में बदला जा सकता है, जिनका उपयोग सीधे बायोडीजल के रूप में किया जा सकता है। उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने बताया कि यह शोध पर्यावरण संरक्षण और वेस्ट-टू-एनर्जी तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक छोटे कस्बे से निकलकर अंतरराष्ट्रीय शोधा मंच तक पहुँचना मुकुल अग्रवाल की मेहनत, अनुशासन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि बबराला और सम्भल जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके इस कार्य के लिए उनके परिवार सहित नगर के लोगों ने भी हर्ष जताया। उनकी उपलब्धि पर ममता राजपूत, योगेन्द्र राजपूत, बुद्वसेन राजपूत, प्रशान्त वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय आदि ने हर्ष जताया।

# ट्रक की टक्कर से चालक परिचालक समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बहजोई।** टयूबवेल के स्टार सही कराकर जा रहे बाइक सवार को अनियंत्रित हुए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक पलट गया जबकि चालक परिचालक व बाइक सवार घायल हो गया। सोमवार को धनारी से संदीप पुत्र मनवीर सिंह (19) व उसका दोस्त सत्य प्रकाश पुत्र वेद प्रकाश (23) निवासी ग्राम बहलोलपुर कोतवाली गुन्नौर को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए और वही अनियंत्रित होकर ट्रक भी पलट गया हादसे में चालक अनिल कुमार पुत्र कलेक्टर सिंह व परिचालक भूरा पुत्र कृपाल सिंह (20) निवासी अगुपुरा खुर्द कोतवाली बिलारी के निवासी हैं भी घायल हो गए। हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई और सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिसने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उपचार के बाद बाइक सवार सत्य प्रकाश पुत्र वेद प्रकाश को हालत रेफर कर दिया और वहीं ट्रक चालक को भी जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**हादसे में ट्रक पलटा जनक हालत में तीनों को किया गया रैफर**

# रास्ता बंद करने पर डीएम से लगाई गुहार

**जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर किया मुआयना पैमाईश कराने के दिए निर्देश, 40 वर्ष पूर्व बने मकानों को दिया हुआ था 10 फीट का रास्ता**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई।** रेलवे द्वारा दीवार खड़ी कर रास्ता बंद किए जाने पर लोगो में रोष फैल गया। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के साथ पहुंचे कलोनी वासियों ने जिलाधिकारी से गुहार लगायी। डीएम ने मौके पर पहुंचकर पैमाईश कराने के निर्देश दिए।

नगर के रेलवे स्टेशन के सामने पश्चिम दिशा में 40 वर्ष पूर्व बने मकानों को 10 फिट का रास्ता दिया हुआ था जो रेलवे अधिकारियों की मनमानी के कारण मकान के सामने से गहरे गहरे गडढे खोद दिए गए। जिस कारण आबादी के लोगों का बाजार जाने बच्चों के स्कूल आने जाने व किसी बीमारी में किसी व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के लिए पूरा रास्ता बंद हो जाएगा। आबादी के लोगों को रेलवे की लाइन को पार करके जाना पड़ता है। कभी-कभी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी या मालगाड़ी खड़ी होने पर आबादी के लोगों को ट्रेन के नीचे होकर जाना पड़ता है। जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। रात्रि के समय किसी व्यक्ति के बीमार होने पर सरकारी एंबुलेंस आने की व्यवस्था खराब हो जाएगी। रेलवे के अधिकारियों द्वारा आबादी के लोगों को परेशान करने के कारण आबादी के रास्ते व गलियों के बराबर से गडढे कर दिए गए हैं। इस रास्ते के बंद हो जाने से आबादी के लोगों का आने-जाने के लिए कोई अन्य रास्ता नहीं है। जिस कारण लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिससे किसी बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाने के लिए रास्ता नहीं है। इसी को लेकर बस्ती के लोग व छोटे-छोटे बच्चे जिलाधिकारी से गुहार लगाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय गए और उनसे अपनी मांग की जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर मुआयना किया। और मौके पर रेलवे के अधिकारियों को भी बुलाया और उसके बाद सही से पैमाइश कर बस्ती वालों को रास्ता दिलाने के लिए भरोसा दिलाया। इसके बाद बस्ती वालों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया व जिंदाबाद के नारे लगाए।

## ठंडी हवा ने चटक धूप का मजा किया किरकिरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह से छाया घना कोहरा दिन का पारा चढ़ने के साथ रहा। देर दोपहर निकली चटक धूप का ठंडी हवा ने मजा किरकिरा कर दिया।

सोमवार की सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। कोहरे में वाहनों की रफ्तार को कुंद रखा। दिन का पारा चढ़ने के साथ भी कोहरा पूरी तरह छाया रहा। जबकि देर दोपहर कोहरा छंटते ही चटक धूप निकलते ही लोग भी धूप का आनंद लेने घरों से निकले,लेकिन ठंडी हवाओं के झाकों ने चटक धूप का मज़ा किरकिरा कर दिया।

# बाल संरक्षण पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक में बालकों के संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का पालन पोषण करने आदि मामलों पर चर्चा की गई।

विकास खंड पंवासा में खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड पवांसा सभागार में संपन्न हुई समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र भारद्वाज द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा।बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।



सम्भल- विद्याकुंज में खेल प्रतियोगिता का मशाल जलाकर शुभारम्भ करते ईओ अमरेश तिवारी।

# गणित अंकों का नहीं तार्किक सोच समस्या का समाधान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक गणित सप्ताह का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना तथा इसे रोचक और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करना था।

गणित सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए अनेक शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, गणित पर आधारित नाटक, गणित फैशन शो, गणितीय काव्यपाठ एवं प्रेजेंटेशन प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी तार्किक क्षमता, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 22 दिसंबर 2025 को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रृद्वापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन, संघर्ष तथा गणित के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं है, बल्कि यह तार्किक सोच, समस्या-समाधान क्षमता और जीवन में अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के मन से गणित के प्रति भय दूर कर उसे आनंददायक एवं उपयोगी बनाते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। समापन अवसर पर विद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष संजीव जौहरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को गणित को रचनात्मक एवं व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। गणित सप्ताह का आयोजन अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा, जिसने विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**डीएवी में गणित सप्ताह का आयोजन**

## बंगलादेश में हमले के विरोध में प्रदर्शन आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में विहिप व बद कार्यकर्ता शंकर चौराहे पर एकत्र होकर विरोध प्रर्दशन करेंगे।

# जीवन में खेल की बड़ी उपयोगिता: तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** विद्याकुंज इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा 1से 8 तक के विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत बबराला ईओ अमरेश तिवारी ने खेल की मशाल प्रज्जलित कर खेल का आगाज किया। जबकि प्रबंधक कपिल गोयल, कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8तक सदन के बच्चों ने खेल के मैदान में परेड का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम ग्रुप ए कक्षा 1 से शटल रेस में प्रथम स्थान पर अर्पित यादव द्वितीय स्थान पर श्रृषभ तृतीय स्थान पर आदित्य राज विजेता रहे। वही कक्षा 2 से शटल रेस में प्रथम स्थान पर प्रशांत यादव द्वितीय स्थान पर रुद्रांश यादव तथा तृतीय स्थान पर सौम्य गिरी विजेता रही। उसके बाद ग्रुप बी में शेक रेस में प्रथम स्थान पर पुलकित यादव द्वितीय स्थान पर पृथ्वी यादव तृतीय स्थान पर अभिनय विजेता रहे। ग्रुप बी में पेयर रेस में प्रथम स्थान पर प्रिंस श्रृषभ द्वितीय स्थान पर कुमुदानी अंजलि तृतीय स्थान पर प्रतीक और शुभ विजेता रहे। ग्रुप सी से रिले रेस में प्रथम स्थान पर गौरी राघव, अभय, अंजलि, पियूष द्वितीय स्थान पर गौरी माथुर, समर, अभिषेक, प्रिंस, तृतीय स्थान पर रोली, दुष्यंत, प्राची, रिदान म्यूजिकल चेयर गेम में प्रथम स्थान पर कक्षा 1से संध्या द्वितीय स्थान पर हस्सान, तृतीय स्थान पर मुकुल विजय रहे। पेयर रेस में ग्रुप सी से प्रथम स्थान पर अभय दुष्यंत, द्वितीय स्थान पर अभिषेक प्रिंस तृतीय स्थान पर पियूष और समर विजय रहे। ग्रुप सी 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर कक्षा 6 से अभिषेक यादव द्वितीय स्थान पर अभय भारद्वाज तृतीय स्थान रिदान अली विजय रहे। ग्रुप ए म्यूजिकल चेयर में कक्षा 2 से प्रथम स्थान पर वंशिका द्वितीय स्थान पर रुद्रांश तृतीय स्थान पर युक्ति गुप्ता विजय रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के समापन में अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और जीवन में खेल क्या की क्या उपयोगिताहै इसके बारे में भी बताया। कार्यक्रम का संचालन नव्या गुप्ता एवं विद्यालय पी टी आई विशाल सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रबन्धक अतुल गोयल ईओ अमरेश तिवारी, कार्तिक गोयल,उमेश गुप्ता डिंपल गुप्ता ब विद्यालय शिक्षक विनीता अग्रवाल सोनल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कटरा नाज बाजार में चार दुकानों में हुई चोरी की घटना से व्यापारियों में मचा हड़कंप, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र कटरा नाज बाजार में देर रात अज्ञात चोरों ने एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नगदी चोरी कर ली। दुकान स्वामियों को चोरी की जानकारी सोमवार सुबह हुई, जब व्यापारी अपनी दुकानें खोलने पहुंचे और टूटे हुए गल्ले तथा छत के कटे जाल देखकर सन्न रह गए। शहर के थोक बाजार में एक साथ कई दुकानों में हुई चोरी की घटना से व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची गई। क्षेत्राधिकार कुलदीप सिंह ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ दुकानदारों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर छत के रास्ते दुकानों में दाखिल हुए और बड़ी ही सफाई से चोरी की वारदात को



अंजाम दिया।दुकान स्वामी आशीष रस्तोगी ने बताया कि उनकी दुकान के गल्ले में 8 से 9 लाख रुपये की नगदी रखी थी, जिसे चोर पूरी तरह साफ कर ले गए। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गई रकम की बरामदगी की मांग की है। वहीं दुकानदार शैलेंद्र यादव ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 10 से 12 हजार रुपये नगद और कुछ महत्वपूर्ण कागजात चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान का ऊपर का जाल कटा हुआ मिला, जिससे चोरों के प्रवेश का अंदेशा है।

दुकानदार संजीव कुमार के अनुसार उनकी दुकान से लगभग 15 हजार रुपये चोरी हुए हैं।वहीं दुकानदार राजीव कुमार ने करीब 35 हजार रुपये नगदी गायब होने की बात कही है।एक साथ चार दुकानों में हुई चोरी की घटना से पूरे कटरा नाज बाजार में दहशत का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि कड़ाके की ठंड और रात की सुनसान का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का दावा है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टीएमयू के एरिदमिया में भावी डॉक्टर्स बिखेरेंगे हुनर के रंग

## मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सात दिनी स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट-एरिदमिया का 25 दिसम्बर को होगा शंखनाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सात दिनी स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया का 25 दिसंबर को शंखनाद होगा। एरिदमिया- 2025 में भावी डॉक्टर्स स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का जलवाबिखेरेंगे। एमबीबीएस के स्टुडेंट्स अपने सालाना इवेंट की तैयारियों में रात-दिन जुटे हैं। इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स के तहत क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, वालीबाल, थ्रोबाल, बॉक्स क्रिकेट, टंग ऑफ वार, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, ट्रैक एंड फील्ड, टेबिल-टेनिस, स्कैश, आर्म रेसलिंग, पुश-अप्स, कैरम, चेस आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। न केवल हर इवेंट की जिम्मेदारी सौंप दी गई है, बल्कि निर्णायक मंडल को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी ने बताया, कल्चर इवेंट के तहत गिफ्ट वार्पिंग, ग्लास पेंटिंग, आर्ट ऐग्जिबेशन, डिबेट, ट्रेजर हंट, पिक्शनरी, कॉमेडी स्किट, कॉमिक बुक मेकिंग, मीम मेकिंग, ऐड मेकिंग, रील मेकिंग, शिल्पकारी, फोटोग्राफी, जबकि इवनिंग एंड नाइट इवेंट में सोलो




डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, डुएट सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, टैलेंट हंट, फैशन शो आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम का समापन 31 दिसंबर को होगा। उल्लेखनीय है।

अमूमन मेडिकल कॉलेज हर साल एरिदमिया दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ही सेलिब्रेट करता है। कैंपस में ऑडी से लेकर पवेलियन, इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स तक रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा जाता है।

# मासूम को कुचलने वाले थार चालक पर लगी हत्या की धारा

## बाकी दोनों युवकों पर भी कड़ी कार्रवाई की लटक रही तलवार

**कांठ (शाह टाइम्स)।** 14 दिसंबर को थार से मासूम बच्ची को कुचलने वाले चालक के खिलाफ अब धारा में बढ़ोतरी की गई है। मृतका के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए अब चालक पर हत्या का मुकदमा चलेगा बतादे की 14 दिसंबर को नगर निवासी अब्दुल्ला उर्फ गोल्डी मोहम्मद आदम व आदिल पर मासूम बच्ची को थार से कुचलने का केस दर्ज हुआ था इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को नोटिस तामील कराकर घर भेज दिया था इसे लेकर मृतका के परिवार के लोगों ने भाजपाइयों की मदद से अधिकारियों के सामने अपनी गुहार लगाई और थार चालक पर मासूम बच्ची की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। आक्रोश बढा तो पुलिस ने तीनों का शांति भंग में चालान कर दिया जहां से एसडीएम ने उन्हें जेल भेज दिया।

लेकिन परिवार के लोग फिर उच्च अधिकारियों से मिले और उन्होंने इसमें कड़ी कार्रवाई की मांग की बताया गया कि इस मामले में अब थार चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा चलाने के लिए धारा बढ़ाई गई है उधर अधिकारियों का कहना है कि बाकी थार सवार दोनों युवको के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## चार साहिबजादों की शहादत को नमन

**चन्दौसी।** चार साहिबजादों की शहादत दिवस (शहीदी सप्ताह) के अवसर पर निरवैर खालसा की ओर से रेलवे स्टेशन परिसर में प्रतिदिन सायं चाय और बिस्किट का लंगर चलाया जा रहा है। यह सेवा चार साहिबजादों-जोरावर सिंह, फतेह सिंह, अजीत सिंह और जुझार सिंह की महान शहादत को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रारंभ की गई है। लंगर सेवा के माध्यम से सेवा, समर्पण और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। प्रतिदिन आयोजित इस लंगर से सैकड़ों यात्री, रेल कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

सेवा कार्य में निरवैर खालसा की अध्यक्ष राजेंद्र कौर रजनी, सचिव तरनप्रीत कौर के साथ हरविंदर सिंह, जसपाल सिंह, दलजीत सिंह, मन्नत कौर, अमृतपाल सिंह सहित अनेक बच्चे भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सेवा में उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शहीदी सप्ताह के दौरान यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

# सुधार की जगह चहेते पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निजी हाथों में सौंपने का काम कर रही सरकार: कमाल अख्तर

**कांठ (शाह टाइम्स)।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा की कार्रवाई के दौरान आज विभिन्न मुद्दे उठाए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं पर बोलते हुए कहा की आयुष सेवाओं को गुणवत्ता पूर्वक बनाने के लिए सरकार के पास कोई ठोस कार्य योजना है या नहीं उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित सेवाओं की गुणवत्ता को मापने और सुधारने के लिए सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए हैं। वन जिला वन मेडिकल कॉलेज के दावे के सवाल पर भी कमाल अख्तर ने उंगली उठाई और कहा कि मुरादाबाद जनपद में कोई सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं है और जिस निजी मेडिकल कॉलेज से सरकार ने टाई अप किया है वहां इलाज और जांच भी निजी अस्पतालों जैसी ही हैं जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को कोई वास्तविक लाभ नहीं पहुंच रहा है।

उन्होंने अस्पतालों में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक मशीन उपलब्ध होने के बावजूद भी वहां इसकी सेवा मरीज को नही दी जा रही है। बिजली विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि इसमें सुधार की वजाय इसे निजी हाथों में सौंप कर अपने चहेते पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाए जाने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने महंगी बिजली और इसके निजीकरण को लेकर भी सवाल उठाए सरकार किसानों को मुफ्त



बिजली कब तक देगी बुनकर और कांठ क्षेत्र के बैंडेज उद्योग को फ्लैट रेट पर मिलने वाली बिजली की सुविधा जारी रहेगी या नहीं इसके बारे में भी उन्होंने पूछा।

उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की पीड़ा की ओर सरकार को देखना चाहिए गरीब लोग अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए अपनी जमीन बेचकर शहरो की आबादी में छोटा सा घर बनाते हैं लेकिन बिजली कनेक्शन के नाम पर उनसे लाखो रुपए मांगे जाते हैं उन्होंने कांठ का उल्लेख विशेष रूप से किया और कहा कि कांठ और पागबाडा सहित कई क्षेत्रो में बिजली के कनेक्शन के नाम पर खुले आम लाखों की लूट की जा रही है।

आखिर में उन्होंने सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने आयुष और एनएचएम की गुणवत्ता सुधारने बिजली निजीकरण निर्णय को वापस लेने और प्रदेश की जनता किसान मजदूर बुनकरों व छोटे उद्योग के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग उठाई।

# टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में 'यातायात नियम जागरूकता शिविर' का सफल आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा नेशनल सर्विस स्कीम के सहयोग से ग्राम मनोहरपुर एवं गिन्नौर, मुरादाबाद में "ट्रैफिक नियम जागरूकता कैंप" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस जागरूकता कैंप में बीबीए के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और और स्कूल के छात्रों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेतों का महत्व, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग के जोखिम तथा सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यक आदतों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने पोस्टर, नारे और डेमो के माध्यम से लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में ट्रैफिक नियमों से जुड़ी जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सही जानकारी प्रदान करना था। ऐसे कार्यक्रम समाज में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करते हैं और युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा करते हैं। टिमिट द्वारा आयोजित यह जागरूकता गतिविधि न केवल शिक्षण के दायरे को बढ़ाती है, बल्कि विद्यार्थियों को समाजसेवा और वास्तविक जीवन के अनुभवों से भी जोड़ती है।

# टीएमयू डेंटल कॉलेज की सुप्रीम डेयरडेविल टीम ग्रेविटास चैंपियन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सालाना कल्चरल और स्पोर्ट्स महोत्सव ग्रेविटास- 4.0 में बीडीएस सेकेंड ईयर की टीम- सुप्रीम डेयरडेविल 217 प्वाइंस के संग ओवरऑल चैंपियन बनीं। 192 प्वाइंट्स के संग बीडीएस फर्स्ट ईयर की टीम- सुपरनोवा वॉरियर्स ने दूसरा, जबकि 155 प्वाइंट्स के संग इंटर्न्स की टीम- विक्ट्री स्मैशर तीसरे स्थान पर रही। चैंपियन टीम को डेंटल एवम् एलाइड हेल्थ साइंसेज की डायरेक्टर डॉ. नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन आदि ने चौंपियंस ऑफ चैंपियंन ट्राफी देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व ग्रेविटास 4.0 के तहत टीएमयू के वीसी प्रो.वीके जैन, एसोसिएट डीन, अकादमिक्स डॉ. अमित कंसल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया। संचालन स्टुडेंट तुलिका सक्सेना ने किया। गणेश वंदना से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज हुआ। बीडीएस प्रथम वर्ष के स्टुडेंट्स ने वॉरियर थीम पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इंटर्न्स ने शैर्ड्स ऑफ लाइफ नृत्य के जरिए जीवन के विभिन्न पहलुओं को दिखाया। एल्युमिना डॉ. अपूर्व शर्मा ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बीडीएस सेंकेड के स्टुडेंट्स ने नव दिव्य, बीडीएस



फाइनल ईयर ने रेट्रो टु मेट्रो, बीडीएस थर्ड ईयर ओल्ड ने इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन, बीडीएस थर्ड ईयर न्यू ने सीजन्स ऑफ लव थीम पर नृत्य की प्रस्तुति दी। एमडीएस के स्टुडेंट्स ने बॉलीवुड-टॉलीवुड फ्यूजन पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। बीडीएस इंटर्न्स- जेबा, प्रेमी पूर्णिया ने स्टैंड अप कॉमेडी से सभी का मनोरंजन किया। सभी डेंटल स्टुडेंट्स ने लाफ्टर शो की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में फैशन शो भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सभी स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी प्रतिभाग किया। कल्चरल इवेंट के दौरान डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. विश्व दीपक, डॉ. विकास सिंह, डॉ. राजीव पाठक, डॉ. शलभ मेहरोत्रा, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. कार्तिकेय सक्सेना, डॉ. जैनुल आब्दीन, डॉ. शुभम मिश्रा, डॉ. हर्षित जैन के संग-संग डेंटल कॉलेज के स्टुडेंट्स भी मौजूद रहे।

## आरके आईटीआई बिलारी परिसर में 23 दिसम्बर को आयोजित होगा रोजगार मेला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सहायक निदेशक सेवायोजन श्री रत्नेश चन्द्र ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं आर0के0 प्राईवेट आईटीआई बिलारी के संयुक्त तत्वाधान में आर0के0 प्राईवेट आई0टी0आई0 बिलारी के परिसर में 23 दिसम्बर 2025 को प्रात: 10:30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र के नियोजक/ कंपनियों द्वारा टैक्निकल एवं नॉनटैक्निक पदों के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा और मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी का पंजीयन तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद पर अनिवार्य रुप से चाहिए।

अभ्यर्थी रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों हस्तलिखित अथवा टंकित, समस्त मूल प्रमाण पत्र छायाप्रति दो सेट में व दो रंगीन फोटो सहित में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो0 नं0 8005383887 अथवा किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। इस हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# ट्रैक्टर-ट्राली में क्षमता से अधिक सवारियों को देख एसएसपी ने ट्रैफिक नियमों का पढ़ाया पाठ



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा थाना कटघर क्षेत्र के अंतर्गत डबल फाटक पुल पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर क्षमता से अधिक संख्या में लोगों को बैठकर यात्रा करते हुए पाया गया, जिसे देखकर एसएसपी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार सभी लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए समझाया कि इस प्रकार क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चलना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गंभीर दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सभी को निर्देश दिए कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से उतरकर अन्य सुरक्षित एवं वैध वाहनों के माध्यम से अपने गंतव्य तक जाएं।एसएसपी के समझाने के बाद सभी लोगों ने नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहनों से यात्रा की। इस दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई और यातायात पूरी तरह सुचारु एवं सामान्य बना रहा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को भी निर्देश दिए कि सड़क पर चलने वाले सभी वाहनों की नियमित जांच की जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को समझा-बुझाकर नियमों का पालन कराया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में अटल जयंती पर आयोजित हुई जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर उनके जन्मशती शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे रहे, जबकि जिला संयोजिका बबीता मेहरोत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेई के सुशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने में अटल जी का ऐतिहासिक योगदान रहा, जिसकी बदौलत आज देशभर में सड़कों का व्यापक विकास दिखाई देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला ने की। निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 20 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फायजा उबैस (प्रभादेवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज), द्वितीय स्थान आयुष (महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मुरादाबाद) तथा तृतीय स्थान शुभ वर्मा (चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, मुरादाबाद) ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम में मेजर राजीव ढल ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन और उनके सुशासन पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सोमलता चौहान व श्री धर्मेंद्र वंश का विशेष योगदान रहा। संचालन अनूप कुमार अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नगर निगम के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में के विकास को लेकर बनी रणनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** महापौर कैंप कार्यालय पर नगर निगम की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महापौर विनोद अग्रवाल ने की, जिसमें कार्यकारिणी के पार्षदों के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और पुनरीक्षित बजट को अंतिम रूप देना रहा,बैठक की शुरुआत में वायु सर्वेक्षण में मुरादाबाद का नाम शामिल होने पर सभी पार्षदों और अधिकारियों ने खुशी जताई और इसे शहर के लिए सकारात्मक उपलब्धि बताया,महापौर ने कहा कि यह शहर की बेहतर दिशा में बढ़ती कोशिशों का परिणाम है। इस दौरान मौजूद पार्षदों ने महापौर को अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और मांगों को लेकर मांग पत्र भी सौंपे,पुनरीक्षित बजट पर चर्चा के दौरान कर्मचारियों की सैलरी को लेकर कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बनी, लेकिन बाद में आपसी सहमति से चर्चा को आगे बढ़ाया गया। महापौर ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में सड़कों और नालियों के निर्माण के लिए पहले निर्धारित 50 करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर अब 120 करोड़ रुपये किया गया है, जिससे विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके,इसके अलावा शहर के पार्कों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी कार्यकारिणी बैठक में पास किया गया। महापौर ने कहा कि पार्कों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर शहरवासियों और पर्यटकों के लिए



आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। बैठक में लंबे समय से व्यापारियों द्वारा उठाई जा रही निगम की दुकानों के किराए की मांग पर भी निर्णय लिया गया। महापौर ने बताया कि अब अधिकतम 500 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से किराया वसूला जाएगा। साथ ही हर क्षेत्र की दुकानों के लिए अलग-अलग दरें तय कर दी गई हैं, जिससे किराए को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो सके,नगर निगम द्वारा बनाए गए पार्कों की एंट्री फीस में भी कटौती की गई है। कंपनी बाग में प्रवेश शुल्क 50 रुपये से घटाकर 20 रुपये कर दिया गया है, जबकि भूल-भुलैया का किराया 100 रुपये की जगह 50 रुपये कर दिया गया है। महापौर विनोद अग्रवाल ने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कंपनी बाग पार्क आएं और वहां की सुविधाओं का लाभ उठाएं,बैठक में उपसभापति एवं पार्षद शैलेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह, अतुल कुमार, पार्षद विनोद शर्मा, अजय तोमर सहित अनेक पार्षद, नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 272-DRM-MB-25-26 Dt. 22.12.2025 |
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electric Type) 33 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 20.01.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 5,30,64,570.90 |
| धरोहर राशि | 4,15,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 06.01.2026 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 22.12.2025 3966/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

## गुमशुदगी की आड़ में छुपा था खौफनाक सच, पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अवैध संबंधों के के चलते रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है, जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की नृशंस हत्या कर दी और फिर शव के टुकड़े कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। बता दें कि शहर के चुन्नी मोहल्ला निवासी राहुल, 18 नवंबर 2025 की रात अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद परिजनों द्वारा कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पुलिस को कई संदिग्ध तथ्य मिले, जिनके आधार पर जब मृतक की पत्नी रूबी और उसके करीबी गौरव से पूछताछ की गई तो पूरा मामला उजागर हो गया। पूछताछ में सामने आया कि 18 नवंबर की रात राहुल ने अपनी पत्नी रूबी को उसके प्रेमी गौरव के साथ घर में आपत्तिजनक हालत में रंगे हाथ पकड़ लिया था, जिस पर घर में विवाद, गाली-गलौज और मारपीट हुई। राहुल द्वारा दोनों को बदनाम करने और पत्नी को घर से निकालने की धमकी दिए जाने पर रूबी और गौरव घबरा गए और बदनामी के डर से राहुल को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। इसी दौरान गौरव ने लोहे की रॉड से और रूबी ने हथौड़ी से राहुल के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।



हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के लिए अमानवीय तरीका अपनाते हुए अगले दिन बाजार से पॉलिथीन, दो बैग खरीदे और एक ग्राइंडर की व्यवस्था की, जिसके बाद राहुल के शव के हाथ-पैर काट दिए गए। कटे हुए अंगों को पॉलिथीन में लपेटकर एक बैग में रखा गया, जबकि धड़ को दूसरे बैग में पैक किया गया। इसके बाद एक बैग को पतरौआ रोड स्थित ईदगाह के पास नाले में फेंक दिया गया, जबकि कटे हुए हाथ-पैर और मृतक का मोबाइल फोन किराये की गाड़ी से ले जाकर राजघाट गंगा में बहा दिया गया। इतना ही नहीं, मृतक के कपड़े, आरोपियों के खून से सने वस्त्र और अन्य सामान चुन्नी मोहल्ला स्थित एक सुनसान स्थान पर जला दिए गए, ताकि कोई सुराग न मिल सके। पुलिस ने गुमशुदगी से शुरू हुई जांच में तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल रिकॉर्ड और लगातार पूछताछ के आधार पर पूरे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पत्नी रूबी और उसके प्रेमी गौरव को गिरफ्तार कर लिया है तथा उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ग्राइंडर, हथौड़ी, लोहे की रॉड, खून लगे कपड़े, मोबाइल फोन, बैग और मोटरसाइकिल, स्कूटी व कार सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों गौरव पुत्र जसवंत निवासी चुन्नी मौहल्ला थाना चन्दौसी जिला संभल व रुबी पत्नी मृतक राहुल के खिलाफ मुकदमा संख्या 557/2025 के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 103(1), 238 एवं 61(2) में मामला दर्ज कर जेल भेजा। वहीं इस जघन्य हत्याकांड के खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग स्तब्ध हैं कि किस तरह अवैध संबंधों ने एक परिवार को पूरी तरह तबाह कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम ने इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार तोमर, उ0नि0 महेशपाल सिंह, महिला सिपाही ज्योति, सिपाही मुकुल कुमार, विष्णु कुमार रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रिश्तेदारी से घर लौट रहे एक बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम रामूवाला गणेश निवासी अनिकेत कुमार (22) पुत्र बलवीर सिंह अपने मामा के घर लालपुर बक्शोरा से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे जैसे ही वह सूर्या पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तभी एलपी ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी 5349 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनिकेत के सिर में गंभीर चोटें आईं और मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सूर्या चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उपचार के दौरान अनिकेत कुमार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मौके से फरार ट्रक का पीछा कर चालक को हिरासत में ले लिया है तथा दुर्घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि अनिकेत कुमार अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा से जुड़े हुए थे। उनकी असामयिक मृत्यु पर संगठन के पदाधिकारियों एवं किसान नेता प्रीतम सिंह सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अनिकेत की मौत गांव के लिए अपूरणीय क्षति है।

अनिकेत को एक मिलनसार, सरल स्वभाव और मैत्रीपूर्ण युवक के रूप में जाना जाता था। उनकी मौत से गांव का युवा वर्ग गहरे सदमे में है। मृतक के परिवार में माता संतोष देवी, पिता बलवीर सिंह, भाई सचिन तथा बहनें छाया और किरन सहित अन्य परिजन शामिल हैं, जिनका इस दुखद घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### आज से होगा हथकरघा मेले का शुभारंभ

**मुरादाबाद।** सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग श्री अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि स्टेट हैण्डलूम एक्सपो मुरादाबाद (हथकरघा मेला) का दिनांक 23 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक डा. एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास के सामने राजकीय पॉलीटेक्निक ग्रांउड में आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस हैंडलूप एक्सपो का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली सिंह चौहान द्वारा 23 दिसम्बर को 4:30 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो में जम्मू कश्मीर, उत्तराखण्ड, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के हथकरघा बुनकरों, हथकरघा समितियों/संस्थाओं तथा हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित आकर्षक डिजाइनों के वस्त्रों का प्रदर्शन एवं उचित दरों पर बुनकरों द्वारा स्वयं के द्वारा उत्पादित वस्त्रों की बिक्री की जाएगी। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग ने जनमानस से अपील की है कि भारी संख्या में प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर स्वयं से निर्मित हथकरघा उत्पादों का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि एक्सपो में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

### जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुरादाबदा।** श्री के.डी. नागर मेमोरियल डिग्री कॉलेज शेरुवा चौराहा अगवानपुर मुरादाबाद में बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुष और बच्चों को बाल विवाह से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया, बाल विवाह करना या करवाना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया है। तनीषा दिवाकर मनोसामाजिक परामर्शदाता वन स्टॉप सेंटर तथा मोहम्मद नईम केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने एवं कराने वाले सभी लोगों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। विवाह के लिए लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। बाल विवाह होने पर 2 वर्ष का कठोर कारावास और 02 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि अगर उनके आसपास लड़के या लड़की का बाल विवाह हो रहा तो आप 1098, 1090, 181, 112 पर कॉल करके जरूर सूचित करें। कॉल करने वाले का परिचय गोपनीय रखा जाएगा। टीम ने बताया कि एक छोटे से प्रयास से किसी बालिका का भविष्य अंधकारमय होने से बच जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. अमृत सिंह उपस्थित रहीं।

### घने कोहरे के साथ बढ़ी ठंड

**चन्दौसी।** सोमवार कोघना कोहरा छाए रहने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। कोहरे के कारण दृश्यता अत्यंत कम हो गई, जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते दिखाई दिए। हाईवे सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा, वहीं कई स्थानों पर धीमी रफ्तार के चलते जाम जैसी स्थिति भी बनी रही। घने कोहरे के साथ ठंड में भी लगातार इजाफा दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं और वातावरण में नमी बढ़ने से लोगों को सुबह और देर रात अधिक ठिठुरन महसूस हुई। सुबह के समय बाजार खुलने में देरी देखने को मिली, वहीं स्कूल अथवा कोचिंग जाने वाले बच्चे और दफ्तर जाने वाले कर्मचारी ऊनी कपड़ों, जैकेट और शॉल में लिपटे नजर आए। जगह-जगह लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से बचाव किया। कोहरे का असर रेल और सड़क यातायात पर भी साफ दिखाई दिया। अधिकांश लोग अनावश्यक यात्रा से बचते नजर आए। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में सुबह और देर रात घना को. हरा छाए रहने की संभावना बनी हुई है, साथ ही उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं के चलते ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, गर्म कपड़े पहनने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### ट्रॉली चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव पंडिया में किसान की ट्रॉली चोरी की घटना का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गांव पंडिया निवासी किसान अमृत सिंह की ट्रॉली बीती 12 दिसंबर की रात पंचायत घर के पास से अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे।



पीड़ित ने ट्रॉली की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद किसान अमृत सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। घटना के लगभग एक सप्ताह बाद भी ट्रॉली का पता चलने पर पीड़ित ने ट्रॉली ढूंढने वाले को 50 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा भी की थी। पुलिस के अनुसार रविवार को ट्रॉली चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए काजीपुरा गांव निवासी अनमोल सैनी और साकिर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने ट्रॉली चोरी की घटना स्वीकार करते हुए उसकी निशानदेही की। आरोपियों की सूचना पर चोरी की गई ट्रॉली बरामद कर थाना कुंदरकी लायी गई। पुलिस ने कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### भाजपा के पूर्व सांसद की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में फल वितरित कर दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं ठाकुरद्वारा से पांच बार विधायक रहे जनप्रिय नेता स्वर्गीय कुँवर सर्वेश सिंह की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सोमवार को भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिहं ने कहा कि स्वर्गीय कुँवर सर्वेश सिंह



जनसेवा के सच्चे प्रतीक थे। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में सदैव क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी और विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयास किए। गरीबों, किसानों और समाज के कमजोर वर्गों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। भाजपा नेताओं ने भावुक होते हुए कहा कि कुँवर सर्वेश सिंह केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि जनता के बीच रहने वाले सच्चे जननेता थे। उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और हर समय जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने की भावना उन्हें विशेष बनाती थी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि "आप हमेशा हमारे हृदय में रहेंगे, आपकी कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी।" इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा फल वितरण कर सेवा और संवेदना का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय कुँवर सर्वेश सिंह के आदर्शों पर चलने और उनके दिखाए मार्ग पर जनसेवा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि पूर्व मंडल नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, पवन पुष्पद,आशुतोष अग्रवाल व धमेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ साइंसेज के गणित विभाग की ओर से एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि गणित वह सार्वभौमिक विषय है जो तर्क, विज्ञान और तकनीक को जोड़ता है तथा सोचने की क्षमता को विकसित करने के साथ ही नवाचार को जन्म देता है। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ साइंसेज तथा विश्वविद्यालय के अन्य स्कूलों के 76 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी (पीसीएम) द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश चौहान ने प्रथम, बी.एससी (पीसीएम) प्रथम वर्ष के छात्र अमन सिंह ने द्वितीय एवं बी.एससी (पीसीएम), प्रथम वर्ष के छात्र वरुण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मनरेगा समाप्त करने के कानून के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को प्रतिस्थापित कर लाए गए 'विक. सित भारतख्ररोजगार और आजी. विका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025' के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कानून को ग्रामीण गरीबों के हितों के खिलाफ बताते हुए जिलाधिकारी मुरादाबाद के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।केमहानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम एवं जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर की अनुपस्थिति में यह कार्यक्रम विजय राज सैनी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ। ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि नया कानून महात्मा गांधी के नाम और उनके ग्रामीण स्वावलंबन के विच. ारों को समाप्त करने का प्रयास है, जो अस्वीकार्य है।




हाजी जुनैद इकराम ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मनरेगा एक मांग-आधारित कानूनी अधिकार था, जबकि नए प्रावधान इसे आपूर्ति-आधारित योजना में बदल सकते हैं, जिससे मजदूरों का काम मांगने का अधिकार कमजोर होगा।कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि नए कानून में राज्यों पर 40 प्रतिशत लागत वहन करने का बोझ डाला गया है, जो उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लिए भारी आर्थिक दबाव पैदा करेगा और ग्रामीण रोजगार सृजन प्रभावित होगा। साथ ही, विपक्ष की आपत्तियों और विस्तृत चर्चा की मांग के बावजूद विधेयक को जल्दबाजी में पारित करना लो. कतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताया गया। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर मनरेगा के मूल अधिकार-आधारित स्वरूप और महात्मा गांधी के नाम को बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, अधिवक्ता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठंड बढ़ते ही चोरी की घटनाओं में इजाफा

## नकब लगाकर लगाकर 45 हजार रुपये का सामान गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ठंड बढ़ते ही क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा देखा जा रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल बन गया है। बीते माह थाना चन्दौसी क्षेत्र के गांव बर्रई में चोरों ने एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इन सभी घरों पर ताले लगे हुए थे और परिवार के लोग रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। उक्त घटनाओं के बावजूद बर्रई गांव में हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। इसी क्रम में आरआरके स्कूल चन्दौसी के सामने एक फौजी के घर में हुई चोरी का खुलासा रविवार को चन्दौसी पुलिस द्वारा कर दिया गया, जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली है। वहीं रविवार की रात चोरों ने विकास नगर निवासी संगीता शर्मा पुत्र किशोरी लाल गर्ग द्वारा संचालित बैटरी की दुकान को भी निशाना बनाया। चोरों ने दुकान की सीढिघ्यों वाली गली में कुंडा तोड़कर प्रवेश किया और दुकान से लगभग 20 हजार रुपये का छोटा-बड़ा सामान तथा करीब 15 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब दुकान खोली गई तो दुकान के अंदर सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीडिघ्त द्वारा चोरी की तहरीर कोतवाली चन्दौसी में दे दी गई है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है और लोग रात्रि के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की मांग कर रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाई जा रही है और जल्द ही शेष मामलों का भी खुलासा किया जाएगा।

# पीएमश्री स्कूल भुलावई के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण

**चन्दौसी।** सोमवार को पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भुलावई के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज देवरखेड़ा में कराया गया। इस अवसर पर राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज में महान गणितज्ञ श्रीरामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गणित प्रदर्शनी का बच्चों ने अवलोकन किया, जहां विभिन्न गणितीय मॉडलों के माध्यम से गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया, जिससे उन्हें प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में पीएमश्री स्कूल भुलावई के प्रधानाध्यापक आलोक गुप्ता द्वारा बच्चों को शैक्षिक सामग्री वितरित की गई, वहीं राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक भोपाल सिंह शास्त्री ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने में विकास यादव और शरद शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# गृहकर व जलमूल्य वसूली कैंप में हंगामा, सभासदों ने कोतवाली पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद द्वारा गृहकर एवं जलमूल्य की वसूली के लिए लगाए गए कैंप में हंगामा किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना से आक्रोशित नगर के सभासदों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक विजयपाल सिंह ने बताया कि रोस्टर के अनुसार वार्ड संख्या 12, मोहल्ला मनिहारान/बजारान में सुबह 10 बजे से गृहकर व जलमूल्य वसूली का कैंप लगाया गया था। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे प्रदीप कुमार उर्फ सोनू पुत्र बीरबल मौके पर पहुंचा और पालिका कर्मचारियों के साथ अभद्रता व गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि युवक ने लोगों को कर जमा न करने के लिए उकसाया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आरोप यह भी है कि युवक ने सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ की और वसूली से संबंधित बस्तों को फेंक दिया, जिससे कुछ समय के लिए वसूली कार्य पूरी तरह बाधित हो गया। इस घटना से नाराज नगर के सभासद एकजुट होकर कोतवाली परिसर पहुंचे और पुलिस को लिखित तहरीर सौंपते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने तथा सरक. ारी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने के मामले में संबंधित युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। सभासदों ने कहा कि यदि इस तरह की घटनाओं पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो नगर पालिका के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करना कठिन हो जाएगा। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सऊदी में नौकरी दिलाने के नाम पर 40 लोगों से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र में विदेश में भेजने के नाम पर काफी समय से क्षेत्र के लोगों को बेवकूफ बनाकर ठगी करने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं इसी के चलते ठाकुरद्वारा क्षेत्र के करीब 40 बेरोजगार युवकों को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम लाखों रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आयाहै। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा की नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला, डिलारी क्षेत्र के गांव ढकिया और करनपुर निवासी तीन लोगों ने करीब 40 लोगों से लाखों रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। पीड़ितो ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितो का कहना है कि सऊदी अरब में हाजियों की सेवा के लिए काम करने वालों की आवश्यकता है और इसके बदले अच्छा वेतन मिलेगा। इस झांसे में आकर रामनगर खागुवाला निवासी अबरार हुसैन, रिजवान, दिलशाद, फरमान, हाशिम, शमी, नाजिम हुसैन, बिलाल समेत नौ लोगों को काम के लिए तैयार कर लिया। आरोपियों ने अन्य गांवों के लोगों को भी इसी तरह सऊदी भेजने का झांसा दिया।

मोहम्मद शाहिद ने बताया कि अप्रैल 2024 में करीब 40 लोगों तीन लोगों ने 45 हजार रुपये लेकर सऊदी अरब भेजने के लिए । वाद मे मेडिकल के नाम पर भी पांच-पांच हजार रुपये लेकर उन्हें दिल्ली बुलाया गया, जहां उन्हें फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र थमा दिए गए। जांच करने पर पता चला कि यह मेडिकल प्रमाण पत्र फर्जी है। जब सभी लोगों ने एजेन्टो से अपने रुपए वापस करने की मांग की तो वह डाल मेटल करते रहे। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने रुपए वापस करने से साफ इन्कार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि बाद में पंचायत भी हुई, जिसमें एक आरोपी ने अपने हिस्से की रकम लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई राशि वापस नहीं की गई। पीड़ितो ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ठगी की रकम वापस दिलाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रेमी युगल का निकाह, पुलिस की मौजूदगी में हुआ विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी निवासी युवती का दूसरी जाति के युवक से तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा। दोनों की जातियां अलग-अलग होने की वजह से परिजन शादी नही कर रहे थे। युवती के कड़ा रुख अख्तियार करने पर बीती आधी रात को काजी ने युगल का निकाह करा दिया। कस्बे के मोहल्ले में दो अलग-अलग जातियों के प्रेमी युगल में लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जो समय बीतने के साथ शारीरिक संबंधों तक पहुंच गया। प्रेमी युगल के परिजन जाति अलग होने की वजह से विवाह करने को राजी नहीं थे। इस दौरान निकाह करने की मांग को लेकर युवती ने छह महीनों में दो बार थाने में जाकर प्रेमी और उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की।

प्रेमी युगल के परिजनों और कस्बे के संभ्रांत लोगों के विवाह कराने का आश्वासन देने पर युवती थाने से अपने परिजनों के साथ चली गई थी। परिजनों और प्रेमी के निकाह करने में आनाक. ानी करने पर बीते दिन युवती ने तीसरी दफा थाने में शरण ली।

पुलिस ने युवती और युवक के परिजनों को थाने आने को कहा तो उन्होंने संबंध खत्म करने की बात कहते हुए थाने में आने से स्पष्ट इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने प्रेमी को थाने बुलाकर युगल की आपस में बात कराई। युवक परिजनों को मनाने के लिए कुछ समय ओर देने की मांग करने लगा। युवती तत्काल निकाह करने पर अड़ी रही। पुलिस की सख्ती और प्रेमिका के आगे घुटने टेकते हुए युवक निकाह करने को राजी हो गया। युवक ने अपने परिजनों से निकाह में शामिल होने को कहा तो उन्होंने भी आने से मना कर दिया। युवती के लगातार थाने में आकर बैठने से तंग पुलिस ने निकाह नही करने पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की बात कही तो युवक निकाह करने को राजी हो गया।

ग्रामीणों ने रात के बारह बजे काजी को बुलाकर निकाह कर दिया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल बर्ष 2010 अनुक्रमांक 0820631 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अनिल कुमार पुत्र मूलचंद सिंहं ग्राम दल्लावाला शेरकोट, बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपनी पुत्री सपना पुत्री स्व. जगदीश नि0 मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती, बिजली घर के सामने, बंगला गांव, थाना नागफनी तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल नि0 ऋषिनगर सहस्त्रधारा रोड, थाना रायपुर, जिला देहरादून उत्तराखण्ड को आपसी मतभेद व विचारों के न मिलने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में सपना के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे किसी भी पुत्र व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमति उर्मिला पत्नी स्व. जगदीश निवासनी मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती, बिजली घर के सामने, बंगला गांव, थाना नागफनी तहसील व जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय नगर महमूदपुर माफी, जनपद मुरादाबाद।**

**पत्रांक:** 1818/ न0पं0मह.मा./2025-26 — **दिनांक:** 22.12.2025

**- ई-निविदा सूचना :-**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरीय 'पेयजल हेतु व्यवस्था योजना' व अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना की प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 23.12.2025 को ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है कार्यो की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्ते बेबसाईट hhps://etender.up.nic.in व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ई-निविदाएँ दिनांक: 23.12.2025 की दोपहर 12:00 बजे से दिनांक:-12.01.2026 की शाम 05.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक:- 13.01.2026 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद में अपरान्ह 02.00 बजे ई-निविदाओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद- मुरादाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद- मुरादाबाद**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसएसपी ने थाना मूंढापांडे का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा थाना मूंढापांडे का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में प्रचलित विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच की और उनके उचित रख-रखाव व नियमित अद्यावधिक करने के निर्देश दिए।एसएसपी ने मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान महिला सुरक्षा, जनसुनवाई और साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर रूम, मालखाना, हवालात, पुलिस बैरक एवं थाना परिसर का भी अवलोकन किया गया। मालखाने में रखे गए माल की प्रविष्टियों एवं व्यवस्थाओं की जांच करते हुए एसएसपी ने अभिलेखों के सही संधारण पर विशेष जोर दिया। हवालात एवं बैरक की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।इसके अतिरिक्त थाना परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर उन्होंने गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों को अनुशासन, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की हिदायत दी।इस आकस्मिक निरीक्षण से थाना स्तर पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार लाने का संदेश दिया गया।



## कड़ाके की ठंड में नगरपालिका ने बढ़ाई अलाव व्यवस्था

चन्दौसी। दिसंबर माह में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में नगरपालिका चन्दौसी द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है। सोमवार को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फव्वारा चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अलाव व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी द्वारा अलाव की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम भी सफाई निरीक्षक सुनील कुमार के साथ सुबह और रात्रि दोनों समय स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं।

ताकि अलाव नियमित रूप से जलते रहें और लकडिघ्यों की आपूर्ति में कोई कमी न हो। प्रशासन की इस पहल से राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है।

# प्रभात मार्केट चौराहे पर राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रभात मार्केट चौराहे पर राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर मुरादाबाद के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया।

कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका संज्ञान लेने की मांग की।राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के मामले में ठोस कदम उठाए और वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करे। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर हो रहे अन्याय के खिलाफ संगठन आगे भी आवाज उठाता रहेगा।प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन की आगामी रणनीति पर भी चर्चा की।



# आईएफटीएम में मोबाइल पासपोर्ट वैन तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय परिसर में पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को सुलभ बनाने की दृष्टि से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, बरेली की ओर से पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक मोबाइल पासपोर्ट वैन तैनात की गई। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि बरेली पासपोर्ट ऑफिस की ओर से दिनांक 22, 23 एवं 24 दिसम्बर को उपलब्ध कराई जाने वाली इस सुविधा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों समेत पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वाले कुल 140 आवेदक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। वहीं बरेली पासपोर्ट ऑफिस के पासपोर्ट ऑफिसर श्री शैलेन्द्र सिंह के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के द्वारा आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के वेरीफिकेशन का कार्य भी शीघ्रता से संपन्न हो सकेगा। इस मौके पर प्रतिकुल. पति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि शिविर का लाभ उठाने के लिए यह सुनहरा अवसर है। शिविर के सफल आयोजन में विश्व. विद्यालय के आईटी सेल के निदेशक डॉ. दीपांकर भारद्वाज, क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिस, बरेली के सिटीजन सर्विस एक्जीक्यूटिव मो. आरिफ की विशेष भूमिका रही।




## नीलगाय और माहे कर रहे खेतों में नुकसान आखिर कैसे मिलेगा इनसे छुटकारा

कांठ( शाह टाइम्स) कुछ समय से बेसहारा गोवंश के नुकसान से किसानों को राहत मिली तो अब महे और नीलगाय का आतंक बढ़ गया है इस क्षेत्र में तेंदुए होने के बावजूद भी इनकी संख्या में कमी नहीं आ रही है और यह आज भी किसानों की फसलों को बर्बाद करते देखे जा सकते हैं। मुख्तियारपुर नवादा के आसपास पहले बेसहारा गोवंश की भरमार थी जिसकी वजह से किसानों की फसलों में काफी नुकसान हो रहा था कुछ समय पहले इन बेसहारा पशुओं को गौशाला में संरक्षित करा दिया गया इससे किसानों को राहत मिली। लेकिन अब माहे एवं नीलगाय की तादाद बढ़ने के कारण यह पशु किसानों की गेहूं की फसल को अपना निवाला बना रहे हैं इसके साथ-साथ दलहनी फसलों में भी इनका काफी नुकसान है। परेशानी तो यह है कि दर्जनों की संख्या में एक साथ यह महे जिस खेत में घुसते हैं फिर रोजाना उसी खेत में जाकर यह फसलों को बर्बाद करते रहते हैं ग्रामीण इनके खिलाफ चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे और इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस संबंध में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।

# वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का छठा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के छष्टम दिन दिन आज प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' प्रार्थना की गई। तत्पश्चात आर के शर्मा, डिप्टी सी एम ओ द्वारा पहले सेशन में 'मानव शरीर की संरचना आदि' के बारे में बताया गया। दूसरे सेशन में सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक' प्राथमिक उपचारकर्ता के कर्तव्य आदि को समझाया गया। छठे दिन के अंतिम सेशन में डॉ अनुपमा मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा सामूहिक दुर्घटना के मामले में ट्राईएज पर चर्चा की गई। सभी वक्ताओं/व्याख्यान विशेषज्ञों को उपनियंत्रक नीरज चक द्वारा स्मृति चिह्न देकर आभार व्यक्त किया गया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, अनुज गुप्ता, राजदीप गोयल आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।






## एक नजर

### एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को दी जानकारी




**कुंदरकी।** इंडियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में थाना कुंदरकी से एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति,नारी सम्मान, नारी सुरक्षा के अंतर्गत दरोगा अंकुर तेवतिया ने छात्राओं को डायल 1090,112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें छात्राओं को निडर होकर शिक्षा प्राप्त कर सके और किसी भी प्रकार का कोई भय न हो। इस अवसर पर कांस्टेबल हर्ष यादव, मोहित, सरिता रानी,तहरीद की टीम ने मिशन शक्ति नारी सम्मान के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली, प्रबंधक मो0 इकराम,हसमत अली, अरविन्द कुमार, सुरेन्द्र सिंह, प्रिंस कुमार,शिवम,मासूम , शिफा, शादमा,पूजा जोया सबा, जोया, आलेमीन आदि लोग भी उपस्थित रहे।

### एसबी चिल्ड्रन एकेडमी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एस वी चिल्ड्रन एकेडमी में राइटिंग, डिक्टेशन व भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की शब्द लेखन में शुद्धता और लेखन गति के विकास को बढ़ाना था।भारत को जानो प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को भारत के इतिहास भूगोल संस्कृति परंपरा एवं समसामयिक घटनाओं के बारे में शिक्षित करना था। ताकि वह अपनी विरासत से जुड़ सके और राष्ट्रीय गौरव महसूस कर सकें। राइटिंग मे वैष्णवी बिश्नोई प्रथम ,जीविका पंवार द्वितीय,अमित कुमार तृतीय डिक्टेशन में मानवी पवार प्रथम ,अर्षिता सूर्यवंशी द्वितीय ,नव्या बिश्नोई तृतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में कृतिका बिश्नोई प्रथम ,यश कुमार द्वितीय व कुमारी आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल रिटायर्ड सहायक मैनेजर प्रथमा बैंक व विशिष्ट अतिथि राजेंद्र बिश्नोई एवं राजपाल सिंह प्रजापति पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ने पुरस्कार व अपना आशीर्वाद देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की कोऑर्डिनेटर मिस संजना राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक गौरव कुमार बिश्नोई, प्रिंसिपल रविंद्र पंवार एवं समस्त शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### कड़ाके की ठंड में नि:शुल्क रैन बसेरा फुल

**चन्दौसी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र में स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में नगरपालिका चन्दौसी द्वारा रेलवे स्टेशन के निकट मालगोदाम रोड पर नि:शुल्क रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है, जो गरीब एवं जरूरतमंद यात्रियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रतिदिन दूर-दराज से आने वाले सैकड़ों यात्री इन नि:शुल्क रैन बसेरों का लाभ उठा रहे हैं। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि रैन बसेरे में यात्रियों की सुविधा के लिए बिजली, स्वच्छ पेयजल, लिहाफ की व्यवस्था की गई है, वहीं महिला यात्रियों के ठहरने के लिए अलग से सुरक्षित व्यवस्था की गई है। सोमवार को बदायूं से सीसीसी परीक्षा देने आए छात्रों ने भी नि:शुल्क रैन बसेरे का लाभ उठाया। वहीं फिरोजाबाद से आए एक चूड़ी व्यापारी ने प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए बताया कि यदि उन्हें होटल में ठहरना पड़ता तो लगभग एक हजार रुपये खर्च हो जाते, लेकिन नि:शुल्क रैन बसेरे की सुविधा से उन्हें काफी राहत मिली है। रैन बसेरे में यात्रियों के लिए नाश्ता, पुस्तकालय एवं अलाव की भी व्यवस्था की गई है। इस पहल से ठंड के मौसम में यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आश्रय मिल रहा है।



# एसएम इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता, दुष्यंत यादव रहे प्रथम



**चन्दौसी।** एस.एम. इंटर कालेज चन्दौसी में सोमवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और सुशासन शीर्षक पर एक जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तहसील स्तर पर विजेता प्रतिभागियों द्वारा इसमें प्रतिभाग किया गया। कुल 09 प्रतिभागियों में से 08 प्रतिभागी उपस्थित रहे जिसमें दुष्यंत यादव (एस.एम. इंटर कालेज चन्दौसी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आराध्या वार्ष्णेय (श्रीअक्रूजी कन्या पाठशाला इंटर कालेज चन्दौसी) की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और यतिका ठाकुर (सरस्वती कन्या इंटर कालेज, बबराला) की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में चन्द्रपाल सिंह (प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कालेज लहरावन) और डॉ श्रीमती अलका रानी अग्रवाल (प्राचार्य, एनकेबीएमजी डिग्री कालेज चन्दौसी) उपस्थित रहे। इस निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगेश बाबू, मनोज कुमार, सत्यपाल, नेहा श्रीवास्तव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजयी प्रतिभागियों को और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को और ज्यादा परिश्रम करने पर जोर दिया।

# विलसोनिया स्कॉलर होम स्कूल में बच्चों ने धूमधाम के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित विलसोनिया स्कॉलर होम स्कूल में क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरे माहौल में उत्सव की रौनक दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर आधारित एक भावपूर्ण नाटिका से हुई, जिसमें उनके प्रेम, त्याग, करुणा और मानवता के संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना का संदेश दिया।इसके बाद आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से सिंगिंग प्रतियोगिता में बच्चों की मधुर आवाज और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सभी धर्मों के प्रति सम्मान, प्रेम और एकता का संदेश देते हैं, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन खुशी और उल्लास के साथ हुआ।

## सगे भाइयों पर हमला करने वालों की गाड़ी की हुई पहचान, मगर अभी नहीं हुई एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** अक्सर अपराधी अंधेरे का लाभ या पहचान न होने का फायदा उठाकर अपराध की सजा से बच जाते हैं कुछ ऐसा ही मामला रविवार की दोपहर को गाड़ी सवार युवकों द्वारा चाकू से हमला कर दो भाइयों पर बार किए जाने के मामले में सामने आया है। मुख्तियारपुर नवादा निवासी संजय और संजीव पुत्रगण शिवकुमार सिंह रविवार की दोपहर बाद अपने खेत पर जा रहे थे जैसे ही वह आशापुर कॉलोनी के निकट ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे वहां पहले से मौजूद गाड़ी में बैठे युवकों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया शोर मचा तो आसपास के लोग इकट्ठे हो गए घटना की जानकारी मिलने पर गांव के लोग भी पहुंच गए दोनों घायलों को थाने लाया गया जहां पर उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को चिकित्सा परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया लेकिन इस मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक हमलावरों की गाड़ी की पहचान हो गई और इसके बाद उनके रसूख के फोन भी आने शुरू हो गए जिससे यह मामला अग्रिम कार्रवाई के लिए आगे नहीं बढ़ पाया। जबकि इसका सीधा लाभ स्मेक का कारोबार करने वालों को मिलने वाला है।

इस पूरे घटनाक्रम में कुछ सवाल खड़े हुए आखिर बिजनौर के पास की गाड़ी आशापुर कॉलोनी के पास क्या कर रही थी, ऐसी क्या बात हुई जिससे गाड़ी सवार हमलावर हो गए और चाकू से हमला कर दिया। घायलों के मुताबिक उनके पास कुछ स्मेक का कारोबार करने वाले भातु भी थे जो घटना के बाद फरार हो गए मुख्तियारपुर नवादा गांव के लोगों ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# खादी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, सांई मन्दिर रोड़, दीनदयालनगर, मुरादाबाद में ''मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025'' दिनांक 15.12.2025 से दिनांक 24. 12.2025 तक आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 22.12.2025 को प्रदर्शनी में कस्तुरबा बालिका विद्यालय, मुरादाबाद, पी.के. किशरोल वॉयस विद्यालय, मुरादाबाद एवं कम्पोजिट जूनियर विद्यालय काशीराम नगर, मुरादाबाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री विगीश गोपाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एवं विशिष्ट अतिथि श्री कीशवारसी जी रहे। मंच का संचालन श्रीमती रिहाना परवीन द्वारा किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा सभी छात्रो को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम के उपरान्त सभी छात्राओ एवं उनके साथ पधारे परिजनों द्वारा अधिक संख्या में खरीदारी भी की। प्रदर्शनी में आठवे दिन प्रदर्शनी में अपार भारी भीड देखी गयी। प्रदर्शनी में देश एवं प्रदेश के कोने-कोने से चाहे वह कश्मीर के शाल, गरम कपड़े, ड्राई फ्रुड, कन्नोज का इत्र, हाथरस का देश का सबसे प्रसिद्ध हींग, शुद्ध शहद हो या उत्तराखण्ड के गरम कपडे, भदोही का कारपेट, सिल्क साडियां एवं खादी की सदरी एवं खादी सिल्क, सूती अथवा आर्टीफिशियल लेडीज ज्वैलरी, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस उत्कृष्ठ प्रदर्शनी में यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को खरीदारी के लिए प्रेरित करती है। प्रदर्शनी की भव्यता एवं उत्कृष्ठ उत्पादो के प्रति लोगो का आकर्षण इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनी में रात्रि 10:30 बजे के उपरान्त भी बडी संख्या में महिलाए खरीदारी करने आ रही है।




# दलित समाज ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में दलित समाज एवं राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।शहर के पीली कोठी चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की कथित निर्मम हत्याओं और हिंसा की निंदा की।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए बांग्लादेश सरकार पर कड़े कदम उठाए और वहां रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। बाइट में प्रदर्शनकारी रोहित ने कहा कि दलित समाज इस अन्याय का पुरजोर विरोध करता है और सरकार से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा रखता है।राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत युवा के जिला अध्यक्ष अनिल राव ने कहा कि भारत सरकार को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए। वहीं जिला अध्यक्ष संजीव वाल्मीकि ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेशी खिलाड़ियों के साथ भारत में कोई क्रिकेट मैच आयोजित हुआ, तो संगठन उसका विरोध करेगा।

प्रदर्शन में रोहित मदान, राहुल सेवक, नितिन वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, राहुल मार्शल, अतुल कुमार, अमन कुमार, अनिल एकलव्य, अश्वनी सूद, निशांत गौतम सहित कई लोग मौजूद रहे।





# सम्पादकीय

मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025

## राजनीतिक तमाशा

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने 22 दिसम्बर को एक अंग्रेजी में प्रकाशित अपने कॉलम द बुलडोजर डिमालिश ऑफ मनरेगा में यह बात कही। उनका कालम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी–जी राम बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा। इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के सवालों के बीच गहन चिंतन का मुद्दा है कि संसद का यह शीतकालीन सत्र, जिसमें 15 बैठकें हुईं, महत्वपूर्ण और विवादास्पद विधायी कामकाज के साथ–साथ, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राजनीतिक तमाशे का साक्षी बना। दस विधेयक पेश किए गए और आठ दोनों सदनों से पारित हुए। संसदीय मंजूरी हासिल करने वाले उल्लेखनीय विधेयकों में दर्जनों अप्रचलित कानूनों को खत्म या संशोधित करने वाला विधेयक( बीमा क्षेत्र में शत–प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला विधेयक( आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व घटाकर नाभिकीय शक्ति में निजी क्षेत्र का निवेश सुगम बनाने वाला विधेयक और सबसे अहम, साल 2005 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए अग्रणी कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े बदलाव शामिल हैं। कई विधेयकों के नामों ने, जो हिंदी में थे, गैर–हिंदी क्षेत्रों के सांसदों के बीच एक बेचैनी पैदा की। उन्होंने उन संवैधानिक प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जो कानूनों का मसौदा अंग्रेजी में तैयार किया जाना, साथ ही जरूरत के मुता. बिक अनुवाद मुहैया कराना जरूरी बनाते हैं। बीमा विधेयक का नाम है 'सबका बीमा सबकी रक्षा', जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक को 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या 'वीबी–जी राम जी' नाम दिया गया है, जो 21 दिसम्बर को राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम बन गया। वंदे मातरम् पर चर्चा में, सदस्यों ने लोकसभा में 65 प्रतिभागियों के साथ 11 घंटे बिताए और राज्यसभा में, 81 प्रतिभागियों के साथ, तकरीबन 13 घंटे बिताए। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों की देशभक्ति पर सवालिया निशान लगाने के एक और मौके की तरह करने के बजाय, संसद इस गीत को याद करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर सकती थी। चुनाव सुधारों पर गर्मागर्म बहस लोकसभा में 62 वक्ताओं के साथ तकरीबन 13 घंटे चली और राज्यसभा में 57 वक्ताओं के साथ तकरीबन 11 घंटे चली। भारतीय चुनावों में विश्वसनीयता के संकट से निपटने के लिए, यह पार्टी लाइनों से परे जाकर खुले मन से चर्चा का मौका था, लेकिन इसे भी गंवा दिया गया। चुनावों की विश्वसनीयता के सवालों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पूर्वाग्रही रवैयों से भारत के संसदीय लोकतंत्र का भला नहीं हो रहा है।

## बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें



पटना में एक डाक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश–दुनिया में थू–थू हो रही है, आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर चुप्पी साध लीं है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए, पीएम मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें, बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत, हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्कत बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी, अब कहा जा रहा है, उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है।

**–पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रोजगार के लिए गारंटी मिशन

रा ष्ट्रपति ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीजीरामजी (विकसित भारत–जी राम जी) विधेयक, 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की। अधि. नियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है। इससे पूर्व, संसद ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसने भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचुरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

**अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं**

**रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि**

यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। (धारा 5 (1) पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

**कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्रावधान**

बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की



उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है।

**समय पर मजदूरी भुगतान**

यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है (धारा 5 (3), निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में, अनुसूची-II में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

**टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार**

इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है (धारा 4 (2), अनुसूची-I के साथ पठित)। सभी कार्य बॉटम–अप एप्रोच यानि गांव स्तर से प्रस्तावित किए जाते हैं तथा सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाता है, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का कंवर्जेंस, विखंडन से बचाव और स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण सेचूरेशन लक्ष्य के आधार पर परिणाम–आधारित योजना सुनिश्चित हो सके।

**राष्ट्रीय स्तर पर अभिसरण के साथ विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण**

सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण–सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है। यह एकीकृत योजना निर्माण का फ्रेमवर्क, मंत्रालयों और विभागों को कार्यों की अधिक प्रभावी योजना बनाने और क्रियान्वयन करने में सक्षम बनाएगा, दोहराव से बचाव और सार्वजनिक संसाधनों की अपव्यय रोकने में सहायक होगा, तथा सेचूरेशन–आधारित परिणामों के माध्यम से विकास की गति को तेज करेगा।

**सुधारित वित्तीय संरचना**

यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय–साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालई राज्यों के लिए 90:10 तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4 (5) एवं 22 (4), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोजगार तथा बेरोजगारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिक. ारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है।

**प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ता**

प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बेहतर मानव संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी क्षमता तथा मैदानी स्तर पर सहायता सुदृढ़ होती है और संस्थानों की परिणामों को प्रभावी रूप से प्रदान करने की क्षमता मजबूत होती है। विकसित भारत–रोजगार और आजी. विका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम, 2025, विकसित भारत/2047 के विजन के अनुरूप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम–आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोजगार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

**रोजगार की गारंटी और रोजगार की मांग का अधिकार**

यह अधिनियम रोजगार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत, धारा 5 (1) सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गई यह वृद्धि, सुदृढ़ की गई जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मजबूत करती है।

–ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार

# अस्तित्व का अंतहीन तर्क, स्वयंभू कायनात का सृष्टा क्यों नहीं



**शाहिद मिर्ज़ा**


इं सानी सभ्यता के इतिहास में ईश्वर का अस्तित्व हमेशा से सबसे बड़ी बहस का केंद्र रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में आधुनिकता और कथित प्रगतिशीलता की आड़ में इस बहस का स्तर निहायत ही सतही और अतार्किक होता जा रहा है। बीते 20 दिसम्बर को द लल्लनटॉप के मंच पर हुई एक चर्चा के दौरान मशहूर लेखक जावेद अख्तर और मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच का संवाद आज सोशल मीडिया और वैचारिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस डिबेट में जावेद अख्तर ने एक बार फिर नास्तिकता का पुराना राग अलापते हुए ईश्वर के वजूद को सिरे से नकार दिया और तर्क दिया कि इंसान ने खुदा को बनाया है। वहीं मुफ्ती शमाइल नदवी ने अपने नजरिए से इसका जवाब देने की कोशिश की, लेकिन इस पूरी बहस ने एक ऐसे बुनियादी सवाल को जन्म दे दिया है जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।

**तर्क का दोहरा मापदंड**

आस्तिक और नास्तिक के बीच तर्क की कसौटी पर देखा जाए तो एक बहुत ही मामूली सा फर्क महसूस होता है। आस्तिक जहां पूरी सृष्टि की शुरुआत को सुपर पॉवर से जोड़ते हैं, वहीं नास्तिक सृष्टि की रचना से इसको जोड़कर देखते हैं। जावेद अख्तर और उनके जैसे तमाम नास्तिक विचारकों का सबसे बड़ा दावा यह होता है कि यह असीम कायनात (ब्रह्मांड) किसी सुपरपावर ने नहीं बनाई, बल्कि यह खुद–ब–खुद वजूद में आई है। वे वैज्ञानिक थ्योरीज का सहारा लेकर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि जीवन और ब्रह्मांड एक आकस्मिक घटना है। अब यहां मेरा एक सीधा और बुनियादी सवाल खड़ा होता है यदि यह अनंत और अविश्वसनीय रूप से जटिल कायनात बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद–ब–खुद वजूद में आ सकती है, तो वह अल्लाह, खुदा या परमेश्वर खुद–ब–खुद वजूद में क्यों नहीं आ सकता? यह खुद ब खुद खुदा ईश्वर गॉड के वजूद में आने को लेकर क्यों स्वीकार नहीं हो सकती?

**कायनात बनाम क्रिएटर**

यह कितनी अजीब विडंबना है कि जो लोग यह मानते हैं कि खरबों आकाशगंगाएं और मानव शरीर की अद्भुत संरचना बिना किसी प्लानिंग के अचानक शून्य से प्रकट हो गई, वहीं लोग उस



चेतन सत्ता (Conscious Intelligence) के वजूद को मानने में वैज्ञानिक साक्ष्य मांगते हैं। यदि हम विज्ञान के कारण और प्रभाव (Cause and Effect) के नियम को ही आधार मानें, तो बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। अगर ब्रह्मांड एक प्रभाव है, तो उसका एक महा–कारण (First Cause) होना अनिवार्य है। नास्तिकों की समस्या यह है कि वे प्रकृति को तो स्वयंभू मान लेते हैं, लेकिन प्रकृति के रचयिता को यह दर्जा देने से इनकार करते हैं। आखिर यह दोहरा पैमाना क्यों?

**शमाइल नदवी और जावेद अख्तर की बहस का सार**

लल्लनटॉप की डिबेट में जिस तरह से जावेद अख्तर ने मुफ्ती शमाइल नदवी के सामने अपनी दलीलें रखीं, वह बौद्धिक चालाकी तो हो सकती है, लेकिन तार्किक सत्य नहीं। यदि प्रकृति को स्वयंभू माना जा सकता है, तो उस प्रकृति को पैदा करने वाली हस्ती को स्वयंभू मानने में क्या आपत्ति है? विज्ञान आज भी उस मकाम पर खामोश है जहां यह पूछा जाता है कि कुछ नहीं से सब कुछ कैसे बना। वहां आकर बड़े से बड़े तर्कशास्त्री मौन हो जाते हैं। क्या हम इतने अंधे हो चुके हैं कि हमें बेहतरीन पेंटिंग तो नजर आती है, लेकिन उसे बनाने वाले कलाकार के हाथ दिखाई नहीं देते?

**निष्कर्ष**

सच तो यह है कि ईश्वर को नकारना आज एक बौद्धिक फैशन बन गया है। बिना किसी इरादे (Will) और बिना कुन कहो कि हो जा के एक कतरा भी वजूद में नहीं आता। जो लोग कायनात को स्वयंभू मानकर ईश्वर से साक्ष्य मांगते हैं, उन्हें अपने ही तर्क के आईने में झांकना चाहिए। अगर यह दुनिया खुद बन सकती है, तो इसे बनाने वाला भी खुद–ब–खुद वजूद में हो सकता है। मुफ्ती शमाइल नदवी और जावेद अख्तर जैसे लोगों की बहसें अपनी जगह हैं, लेकिन असलियत केवल इतनी है कि उसकी कारीगरी हर तरफ मौजूद है, बस देखने के लिए अक्ल के साथ–साथ सच्चाई को स्वीकार करने का साहस चाहिए। आखिर कहां से आते हैं ये लोग जो अपनी सुविधा के अनुसार सत्य को परिभाषित करते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कहीं सियासत में गच्चा तो नहीं खा गए थे चौ. चरण सिंह



**वीरेश तरार**

चौ धरी चरण सिंह की राजनीति को आज जब पीछे मुड़कर देखा जाता है, तो एक सवाल लगातार कचोटता है क्या वे सियासत की चालों में गच्चा खा गए थे? यह सवाल यूं ही नहीं उठता। यह उस ऐतिहासिक विडंबना से जन्म लेता है, जहां एक गांधीवादी, किसान पक्षधर और जातिवाद–विरोधी नेता अपने ही समय में पराजित दिखता है और उसके विचारों के ठीक उलट शक्तियां आज भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी हैं।

चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस से अलग होना कोई तात्कालिक राजनीतिक निर्णय नहीं था। यह एक वैचारिक विच्छेद था। उनका मानना था कि कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की नैतिक पूंजी को छोड़कर सामंती सोच और पूंजीवादी झुकाव की ओर बढ़ रही है। वे बार–बार कहते रहे कि यदि भारत को वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ना है, तो जातिवाद को जन्म से अलग करना होगा। उनके लिए जाति सामाजिक अन्याय की जड़ थी, विकास की सबसे बड़ी बाधा थी। उन्होंने यह प्रश्न जवाहरलाल नेहरू के सामने भी रखा, लेकिन यह प्रश्न सत्ता के गलियारों में अनसुना रह गया। इसका अर्थ यही था कि कांग्रेस ब्राह्मणवादी सामाजिक ढांचे से टकराने का साहस नहीं जुटा पा रही थी। चौ. चरण सिंह का गांधीवाद किसी प्रतीकात्मक राजनीति तक सीमित नहीं था। उनके विचारों में ग्राम स्वराज, कुटीर उद्योग, सहकारिता, छोटे किसानों की प्राथमिकता और स्थानीय संसाधनों पर समुदाय का अधिकार केंद्रीय तत्व थे। वे मानते थे कि विकास का पैमाना बदले बिना भारत में गरीबी का उन्मूलन संभव नहीं है। उनका स्पष्ट कहना था कि अमीरों को संरक्षण देकर गरीबी हटाने की बात करना बौद्धिक हास्य है। उनका प्रसिद्ध तर्क था कि यदि नीचे से भरना शुरू किया जाए तो ऊपर वाला स्वयं जीवित रहेगा, लेकिन यदि नीचे वाले को इंतजार में रखा गया तो वह इंतजार में ही समाप्त हो जाएगा। चौधरी चरण सिंह ने उन्नीस सौ चौरासी के अपने चुनावी प्रसारण में 'ट्रिकल डाउन थ्योरी' को सिरे से खारिज किया था। उनका सवाल सीधा था भला अमीर क्यों गरीब के लिए छोड़ेगा? उसकी तो उपभोग करने की क्षमता ही असीम होती है। यह सिद्धांत न भारत में कभी काम आया, न दुनिया में कहीं सफल हुआ। इसके बावजूद आज भारत सहित अधिकांश देश इसी रास्ते पर चल रहे हैं। ऊपर वालों को भरने की होड़ में नीचे वाले के अस्तित्व का प्रश्न ही अप्रासंगिक बना दिया गया है।

उनकी दृष्टि में विकास केवल सड़कों, कारखानों और मुनाफे का नाम नहीं था। स्वच्छ जल, शौचालय, महिलाओं का स्वास्थ्य और छोटे किसानों की सुरक्षा उनके लिए उतने ही जरूरी प्रश्न थे। वे कहते थे कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही स्वस्थ समाज की नींव है। यदि माताएं स्वस्थ नहीं होंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी अस्वस्थ होंगी। यह सोच अपने समय से बहुत आगे की थी, जिसे आज भी पूरी तरह समझा नहीं गया है। चौधरी चरण सिंह जातिवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्हें लगता था कि भारतवर्ष का सबसे बड़ा शत्रु जातिवाद है। आजादी के आठ दशक बाद भी गरीब गरीब ही बना हुआ है, इसका मूल कारण वही जातिगत विभाजन है, जिसने निम्न वर्ग को सत्ता, संसाधन और अवसर से दूर



रखा। तमाम योजनाओं के बावजूद गरीबी का उन्मूलन इसलिए नहीं हो पा रहा क्योंकि उसके सामाजिक कारणों को छुआ ही नहीं गया, लेकिन यहीं पर इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना सामने आती है। कांग्रेस से अलग होने के बाद चौधरी चरण सिंह ने अपनी राजनीति के संरक्षण के लिए सांप्रदायिक शक्तियों का सहारा लिया। उत्तर प्रदेश में उन्होंने समाजवादी दलों और जनसंघ के साथ सरकारें बनाई। यही प्रयोग उन्नीस सौ सतहत्तर में जनता पार्टी के रूप में दोहराया गया। इसका हश्र ढाई साल में ही सामने आ गया। सांप्रदायिकता ने अपने लक्ष्य साधे और सरकार गिरा दी। इससे भी अधिक चौंकाने वाली घटना यह रही कि वही जनसंघ उन्नीस सौ अस्सी में पिछले दरवाजे से इंदिरा गांधी को समर्थन देकर कांग्रेस को सत्ता में ले आया। यह आघात चौधरी चरण सिंह के लिए असहनीय था। जिन ताकतों को उन्होंने सामंतवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध एक अस्थाई औजार समझा था, वही ताकतें उनके लिए सबसे बड़ा धोखा बन गईं। माना जाता है कि यही मानसिक आघात उनके पक्षाघात का कारण बना और कुछ ही समय बाद वे दुनिया से विदा हो गए। आज जब हम पीछे देखते हैं, तो साफ दिखाई देता है कि सांप्रदायिकता ने न केवल सत्ता पर कब्जा किया, बल्कि उसने पूंजीवादी शक्तियों से हाथ मिलाकर एक ऐसा गठजोड़ बना लिया है, जिसमें सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद तीनों एक साथ काम कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल उपभोक्ता बाजार में वैश्विक पूंजीवाद को जिस स्तर का संरक्षण मिला है, वह अभूतपूर्व है। दूरसंचार से लेकर दवाइयों तक, मोटर कारों से लेकर रसायन उद्योग तककृहर क्षेत्र में कॉरपोरेट का वर्चस्व है। विडंबना यह है कि जिस कुटीर उद्योग, सहकारिता और पंचायत राज के रास्ते को गांधी और चौधरी चरण सिंह ने पूंजीवाद से बचाव का माध्यम माना था, आज उन्हीं शब्दों को मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सहकारिता की आड़ में भी नीतियां अंततः कॉरपोरेट के हित में ही केंद्रित होती दिख रही हैं। गांधी और चरण सिंह के अनुयाई भी इस छल को समझने में विफल दिखाई देते हैं। चौधरी चरण सिंह की नीतियां आज भी भारत को इस त्रिकोणीय जाल सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद से बाहर निकालने का रास्ता दिखाती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या उनके अनुयायियों में वह वैचारिक साहस बचा है? क्या वे केवल उनकी स्मृति का उपयोग करेंगे या उनके विचारों को जीवित करेंगे? यह भी कम दुखद नहीं है कि चौ. चरण सिंह की समाधि पर दशकों तक किसी प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि नहीं दी। सत्ता की जरूरत पड़ने पर उन्हें भारत रत्न दिया गया, लेकिन यह सम्मान भी राजनीति की मजबूरी अधिक और वैचारिक स्वीकार्यता कम लगता है। यदि सच्चे मन से उन्हें सम्मान देना होता, तो यह बहुत पहले हो सकता था। आज जब गांधी के नाम को योजनाओं से हटाया जा रहा है, जब गांधी केवल मुद्रा पर छपे चेहरे तक सीमित कर दिए गए हैं, तब चौधरी चरण सिंह की याद हमें यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या लोकतांत्रिक भारत में वे अंतिम सच्चे गांधीवादी थे। शायद हां। और शायद यही कारण है कि उनकी राजनीति अपने समय में हार गई, लेकिन उनके विचार आज भी हमें आईना दिखाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू। पीडीपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

## अमेरिकी प्रशासन ने करीब 30 करियर राजनयिकों को वापस बुलाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार विदेशों में अमेरिकी मिशनों में राजदूत और अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात विदेश सेवा के करीब 30 अधिकारियों को वापस बुला रही है। एसोसिएटेड प्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार कम से कम 29 देशों में राजनयिक मिशनों के प्रमुखों को पिछले हफ्ते सूचित किया गया था कि उनका कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो जाएगा। इन सभी ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अपने पद संभाले थे। सबसे ज्यादा अमेरिकी राजदूतों को अफ्रीका से वापस बुलाया गया है।

## संसदीय समिति ने शुरू की जेजू एयरलाइन विमान हादसे की जांच

**सोल।** दक्षिण कोरियाई संसदीय समिति ने पिछले वर्ष दिसम्बर में हुए एक यात्री विमान हादसा मामले की सोमवार को जांच शुरू कर दी। द. कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली की विशेष जांच समिति ने जेजू एयर के यात्री विमान हादसा मामले में अपनी जांच शुरू करने के लिए अपनी पहली बैठक की। यह विमान पिछले 29 दिसम्बर को राजधानी सोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर क्रैश हो गया था। जांच लगभग 40 दिनों में पूरी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हादसे में विमान में सवार चार क्रू मेंबर और 175 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# सिडनी के हमलावर ने पिता से सीखा बंदूक चलाना

### ऑस्ट्रेलियाई पुलिस की जांच में खुलासा



■ पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर 15 लोगों की हत्या के आरोपी व्यक्ति ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लिया था। सोमवार को जारी आस्ट्रेलियाई पुलिस एक बयान के अनुसार उन लोगों ने सुनियोजित हमले के औचित्य के बारे में एक वीडियो रिकार्ड किया था।

यह बयान सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल से नवीद अकरम की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी के बाद सार्वजनिक किया गया, जहां उसकी पेट की चोट का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने 14 दिसम्बर की गोलीबारी की घटना स्थल पर अकरम को घायल कर दिया और उसके पिता, 50 वर्षीय साजिद अकरम को मार डाला। न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार ने पुष्टि की कि नवीद अकरम को सोमवार को अस्पताल से जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में आरोप लगाया गया है कि 24 वर्षीय युवक और उसके पिता ने बान्डी बीच पर एक वार्षिक यहूदी कार्यक्रम मना रही भीड़ की ओर चार तात्कालिक विस्फोटक उपकरण फेंककर अपना हमला शुरू किया, लेकिन उपकरण फटने में विफल रहे। पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया, जिनमें विस्फोटक, काला पाउडर और स्टील बाल बियरिंग भरी हुई थीं। इनमें से कोई भी फटा नहीं, लेकिन पुलिस ने इन्हें सक्रिय आईईडी बताया। अधिकारियों ने अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगाया है, जिनमें हत्या के 15 मामले, घायल बचे लोगों के संबंध में हत्या के इरादे से नुकसान पहुंचाने के 40 मामले और एक आतंकवादी कृत्य करने का मामला शामिल है। आठ दिवसीय हनुक्का उत्सव की शुरुआत में हुआ यह यहूदी विरोधी हमला 1996 में तस्मानिया राज्य में एक अकेले बंदूकधारी द्वारा 35 लोगों की हत्या के बाद से आस्ट्रेलिया में हुई सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी की घटना थी। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सोमवार को संसद में मसौदा कानून पेश किए, जिनके बारे में प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि वे आस्ट्रेलिया में सबसे सख्त कानून बन जाएंगे। नए प्रतिबंधों में बंदूक प्रशिक्षण लाइसेंस के लिए पात्रता की शर्त के रूप में आस्ट्रेलियाई नागरिकता को अनिवार्य बनाना शामिल होगा। इससे साजिद अकरम, जो स्थाई निवास वीजा धारक भारतीय नागरिक थे, लाइसेंस के दायरे से बाहर हो जाते। साजिद अकरम के पास कानूनी तौर पर छह राइफल और शाटगन भी थीं।

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: मुनीर

### पाक सेना प्रमुख बोले: नहीं तो हालात बिगड़ जाते, मई में भारत ने तबाह किए थे 11 पाक एयरबेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसम्बर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलाबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे। अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है। मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले टीटीपी के आतंकियों में करीब 70 प्रतिशत अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं। आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसम्बर को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था।



■ मुनीर ने यह बयान 10 इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया
■ उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए

## आसिम मुनीर को सऊदी अरब सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**इस्लामाबाद/रियाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान सऊदी अरब ने मुनीर को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। मुनीर को यह सम्मान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में दिया है। इसको लेकर सेना ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने एक शाही फरमान जारी कर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंट क्लास से सम्मानित किया है, जो सऊदी अरब का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। इस दौरान सऊदी नेतृत्व ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की व्यावसायिकता और रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। इस सम्मान के जरिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ अपने मजबूत संबंधों को और भी मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

## हिरोशिमा ने सरकार से परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का किया आग्रह

**टोक्यो।** जापान के हिरोशिमा प्रांत ने सोमवार को सरकार से देश के परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। क्योटो न्यूज़ के अनुसार, हिरोशिमा प्रांत की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जारी बयान में परमाणु हथियारों के तीन सिद्धांतों की समीक्षा को लेकर स्थानीय चिंताओं का हवाला दिया गया। इन सिद्धांतों के तहत जापान में परमाणु हथियारों के कब्जे, उत्पादन या प्रवेश की अनुमति देने पर रोक हैं। बयान में कहा गया कि परमाणु बमबारी झेलने वाला एकमात्र देश होने के नाते परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। यह बयान प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के नेतृत्व वाली सरकार में सुरक्षा नीति तैयार करने में शामिल एक अधिकारी के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जापान को परमाणु हथियार रखने चाहिए। इस बयान से स्थानीय लोगों, जिनमें परमाणु बम हमले में बचे लोग भी शामिल हैं, की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा परमाणु बमों से तबाह हुए हिरोशिमा और नागासाकी प्रांतों या नगर विधानसभाओं द्वारा देश के परमाणु-विरोधी सिद्धांतों पर पुनर्विचार के संबंध में यह पहली लिखित राय है।

## न्याय विभाग ने फिर जारी की राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन के हाल ही में जारी दस्तावेजों की एक तस्वीर फिर से जारी की है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नजर आ रहे हैं। विभाग ने कहा है कि इस तस्वीर में कोई भी एपस्टीन पीड़ित नहीं दिखाया गया है। न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयार्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था।

न्याय विभाग ने एक पोस्ट में कहा, दक्षिणी जिला न्यूयार्क ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की एक तस्वीर पर संभावित कार्रवाई के लिए संकेत दिया था। सावधानी के तौर पर, न्याय विभाग ने समीक्षा के लिए तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था। समीक्षा के बाद यह पाया गया कि तस्वीर में कोई एपस्टीन पीड़ित नहीं है, इसलिए इसे बिना किसी बदलाव के फिर से प्रकाशित किया गया है। इसके पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन दस्तावेजों से जुड़ी 16 फाइलें न्याय विभाग की वेबसाइट से हटा दी गई हैं। इनमें से एक हटाई गई फाइल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर थी। अन्य हटाई गई फाइल में ज्यादातर स्पष्ट चित्र, डाक पेटियों वाले खांचे (स्लाट) टाइल से बना गलिया और नाम व अपार्टमेंट के नंबर वाली नोटबुक के पन्ने शामिल थे। न्याय विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और केवल वैधानिक रूप से आवश्यक जानकारी को ही छिपाएगा। विभाग को कानून के तहत पीड़ितों, नाबालिगों या संभावित पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी को छिपाना होता है। विभाग ने यह भी कहा कि कोई भी जानकारी प्रसिद्ध लोगों या राजनीतिक रूप से संवेदनशील व्यक्तियों बचाने के लिए छिपाई नहीं गई है और भविष्य में भी नहीं छिपाई जाएगी। न्याय विभाग को पीड़ितों और उनके वकीलों की ओर से कुछ जानकारी हटाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं।



न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयॉर्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थायी रूप से हटा दिया था

## भारतीय मूल के युवक की धमकी पर चर्च के कार्यक्रम रद्द

■ चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक सिंगापुरवासी व्यक्ति पर एक चर्च में झूठी आतंकवादी धमकी देने का आरोप लगाया गया। इस कारण रविवार की सभी प्रार्थना सभाएं रद्द कर दी गईं।

कोकुलानंथन मोहन, जिन पर संयुक्त राष्ट्र (आतंकवाद विरोधी उपाय) विनियमों के विनियमन 8(2)(ए) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्होंने ऊपरी बुकिट तिमाह क्षेत्र में सेंट जोसेफ चर्च में एक संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक पाश आवासीय क्षेत्र शामिल है। चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर रविवार को सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप है, जो पत्थर के कंकड़ों से भरे हुए थे और जिनमें उभरे हुए लाल तार लगे हुए थे, जिन्हें काले और पीले चिपकने वाले टेपों से एक साथ बांधा गया था। यह कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति को इस झूठे विश्वास में डालने के इरादे से किया गया था कि वस्तु में विस्फोट या आग लगने की संभावना है और इस प्रकार व्यक्तिगत चोट या संपत्ति को नुकसान हो सकता है। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उस व्यक्ति ने कथित तौर पर चर्च परिसर के भीतर एक खुद से बनाई वस्तु रखकर घटना को अंजाम दिया था, जो एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण से मिलती जुलती थी। माना जाता है कि उसने अकेले ही यह काम किया था, और फिलहाल ऐसा कोई सबूत नहीं है. जिससे यह पता चले कि यह धार्मिक रूप से प्रेरित हमला था या आतंकवादी कृत्य था। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हेंनें आरोपी की मनोरोग संबंधी मूल्यांकन के लिए तीन सप्ताह के लिए हिरासत में लिया गया है और वे 12 जनवरी को अदालत में वापस आएंगे।

## अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की निंदा

### बांग्लादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक डेमोक्रेट सांसद ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने की निंदा करते हुए बंगलादेश प्रशासन से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का आग्रह किया है।

इलिनॉइस के डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने सोमवार को कहा कि वे बंगलादेश में खतरनाक अस्थिरता के बीच दीपू चंद्र दास की लक्षित हत्या से 'स्तब्ध' हैं। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा कि बंगलादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए और इस घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए। इसके अलावा, हिंदू समुदायों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा से बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बंगलादेशी अधिकारियों ने ईश निंदा के आरोपों में दीपू चंद्र दास (25) की हत्या से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हमला गुरुवार को मेमनसिह शहर में हुआ था। बंगलादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि पुलिस ने तीन अन्य को हिरासत में लिया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गिरफ्तारियों की पुष्टि की और पूरी जांच का वादा किया। सरकार ने पूरी जांच का वादा करते हुए सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई है। गौरतलब है कि मुस्लिम बहुल बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां साम्प्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है।



■ घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए: कृष्णमूर्ति




## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज को हटाने की मांग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए जानलेवा आतंकवादी हमले के बाद तीन लाख से ज्यादा लोगों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के इस्तीफे और आप्रवासन नीति में बदलाव की मांग की है। याचिका से जुड़ी वेबसाइट चेंजडॉटऑर्ग के अनुसार, अब तक तीन लाख 10 हज़ार लोग इस याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

सिडनी बीच आतंकवादी हमले के पीड़ितों को 21 दिसम्बर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अल्बानीज़ के खिलाफ भीड़ ने नारेबाज़ी की थी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को एक सुरक्षित जगह पर ले जाना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों ने उन्हें कमज़ोर कहा और चिल्लाकर कहा कि उनके हाथ खून से सने हैं। याचिका में लिखा था कि बॉन्डी बीच पर हाल की दुखद घटनाओं और राष्ट्रीय चिंताओं को देखते हुए, अब देश के नेतृत्व पर ध्यान देने का समय आ गया है। कई निर्दोष लोगों की जान लेने वाली बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी हमारे समाज को सुरक्षित रखने के लिए ज़रूरी कार्रवाई की एक और याद दिलाती है। इस इस्ताक्षर याचिका पर बड़े पैमाने पर आप्रवासन पर चिंता जताई है, जिसका ऑस्ट्रेलिया में विरोध हो रहा है। याचिका में कहा गया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की नीति जनता की राय से मेल नहीं खाती एवं सरकार और लोगों के बीच खाई बढ़ाती है। याचिका में लिखा है कि हमें ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उन लोगों के लिए एक बेहतर छानबीन नीति की ज़रूरत है जिन्हें हम इस देश में लाते हैं। उल्लेखनीय है कि 14 दिसम्बर को दो आतंकवादियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर भीड़ पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक हमलावर सहित 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने हमलावरों की पहचान 50 वर्षीय साजिद अकरम और उसके 24 साल के बेटे नावेद अकरम के तौर पर की। यह हमला तब हुआ जब बीच पर यहूदी समुदाय के लोग हनुक्का पर्व मना रहे थे।



■ तीन लाख लोगों ने किए याचिका पर हस्ताक्षर

### अल्बानीज ने बॉन्डी बीच आतंकी हमले को लेकर यहूदी समुदाय से माफ़ी मांगी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने नफरती भाषण से निपटने के लिए नया कानून बनाने का वादा करते हुए बॉन्डी बीच पर यहूदियों पर की गई सामूहिक गोलीबारी के बाद देश के यहूदी समुदाय से माफी मांगी है। अल्बानीज ने कैनबरा में सोमवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के आयोजन में 15 लोगों की गोलीबारी से मौत के लिए 'जिम्मेदारी का बोझ' महसूस करते हैं।

## शेंगेन में रूसी राजनयिकों पर यात्रा प्रतिबंध भेदभावपूर्ण: रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि यूरोपीय संघ की ओर से शेंगेन क्षेत्र में रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध स्पष्ट तौर पर भेदभावपूर्ण नीति के तहत लिया गया निर्णय है।

स्विट्जरलैंड में रूसी राजदूत सर्गेई गार्मोनिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ 19वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यूरोपीय संघ में रूसी राजनयिकों की आवाजाही उस देश तक सीमित कर दी थी जहां वे मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा रूसी राजनयिकों और उच्चायोग के कर्मचारियों को अधिकारियों को सूचित करना होगा यदि वे किसी अन्य यूरोपीय संघ सदस्य देश की यात्रा करने या वहां से गुजरने का इरादा रखते हैं। ये प्रतिबंध 25 जनवरी, 2026 से लागू होने वाले हैं। गार्मोनिन ने कहा कि अब तक बर्न में रूसी दूतावास को स्विस पक्ष से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि स्विट्जरलैंड यूरोपीय संघ की ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया दिये जाने का इंतजार कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है यह स्पष्ट रूप से एक भेदभावपूर्ण नीति है। उधर, रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने कहा है कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसियों को मल्टी-एंट्री शेंगेन वीजा जारी करने पर प्रतिबंध और रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध के बाद रूस पहले से ही जवाबी उपायों पर काम कर रहा है।

